


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./दुर्ग/1000000029/2026-28

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 17 अंक - 68 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 21 दिसंबर 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### संविधान में सबको साथ लेकर चलने की भावना निहितः मोहन भागवत

**नईदिल्ली।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना' द्वारा 'भारतीय इतिहास, संस्कृति और संविधान' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि देश के संविधान में सबको साथ लेकर चलने की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना का पहला शब्द 'हम' यही संदेश देता है कि पूरा भारत वर्ष एक इकाई की तरह है और सभी आपस में मिलकर एक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह भावना देश के स्वतंत्र होने के बाद आई, बल्कि भारत भूमि पर धर्म की शुरुआत से ही सबको साथ लेकर चलने की भावना निहित रही है। ऐसा धर्म के कारण होता था जिसमें सबको साथ लेकर चलने और सबके कल्याण की भावना अंतर्निहित है।

### एसटीएफ की गोली से एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर के बहुचर्चित अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में डेढ़ साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी और एक लाख रुपये के इनामी बदमाश सिराज अहमद को एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र में हुई। इस दौरान गोली लगने से सिराज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पकड़ा गया बदमाश सिराज अहमद, सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर गांव का रहने वाला था। एसटीएफ टीम को शनिवार की रात सूचना मिली कि सिराज किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में पंजाब-हरियाणा बॉर्डर से होकर सहारनपुर जिले में मौजूद है। सूचना पर टीम ने गंगोह क्षेत्र में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख सिराज ने टीम पर फायरिंग झोंकने लगा। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से वह घायल हो गया। अस्पताल में मौत हो गई।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया फर्जी बीएसएफ जवान गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने एक फर्जी बीएसएफ जवान को पकड़ा है। आरोपी सिमरनजीत सिंह (31 साल) पंजाब का रहने वाला है। वह दुर्ग में किराए के मकान से रह रहा था। उसने अपना खुद का फर्जी पहचान पत्र बनवाया है और अपनी कार में पुलिस लिखवाया है। मामला मोहन नगर क्षेत्र का है। 20 दिसंबर को ग्रीन चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने फर्जी जवान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से बीएसएफ का फर्जी पहचान पत्र भी मिला है। आरोपी एक सफेद रंग की डिजायर कार में घूम रहा था, जिसके सामने अंग्रेजी में पुलिस लिखा हुआ था। वह खुद का बीएसएफ का जवान बताता था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रेलवे का किराया बढ़ाने का ऐलान, एसी के साथ सामान्य श्रेणी में भी बढ़े दाम

## 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में होने जा रहा है संशोधन लागू

श्रीकंचनपथ डेस्क

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने रेल यात्रियों के लिए बड़ा एलान किया है। 26 दिसंबर 2025 से ट्रेनों के किराए में संशोधन लागू होने जा रहा है। इस फैसले का असर देशभर के करोड़ों यात्रियों पर पड़ेगा, हालांकि रेलवे ने छोटी दूरी की यात्रा करने वालों को राहत देते हुए 215 किलोमीटर तक के सफर पर किराया न बढ़ाने का फैसला किया है।

रेलवे के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई अतिरिक्त किराया नहीं लिया जाएगा। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और छोटी दूरी के यात्रियों की जेब पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे का कहना है कि यह फैसला आम यात्रियों को ध्यान में रखकर लिया गया है।



### जानिए लंबी दूरी पर कितना बढ़ेगा किराया

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि 215 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किलोमीटर, जबकि मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर रायपुर से मुंबई की दूरी करीब 1000 किलोमीटर है। ऐसे में जन साधारण एक्सप्रेस (नॉन-एसी) से यात्रा करने पर करीब 10 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। जबकि संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, वंदे भारत और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने पर यात्रियों को 20 रुपए अधिक चुकाने होंगे।

### रेलवे को होगी 600 करोड़ की अतिरिक्त आय

रेलवे का अनुमान है कि इस किराया समायोजन से उसे करीब 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी। रेलवे के मुताबिक, इस राशि का उपयोग परिचालन लागत को संभालने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा, जैसे स्टेशन सुविधाएं, कोचों का रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था जैसी अहम जरूरतें शामि होंगी।

## छात्रा से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो ब्लैकमेल कर वसूले साढ़े 9 लाख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक छात्रा को डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने और उससे लाखों रुपये की उगाही करने वाले आरोपी को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी युवक ने पहले छात्रा से दोस्ती की और फिर उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर ब्लैकमेलिंग का काला खेल शुरू किया।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता एक निजी कॉलेज में बीबीए की छात्रा है। कुछ समय पहले उसकी पहचान दीपक ठाकुर नामक युवक से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और नंबरों का आदान-प्रदान हुआ। युवक ने छात्रा को अपने भरोसे में ले लिया था।

पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी दीपक ने छात्रा को एक दिन 'होटल लैंडमार्क' में मिलने के बहाने बुलाया। वहां उसने छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसी वीडियो को सोशल



मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार छात्रा का शारीरिक शोषण करने लगा। आरोपी केवल शारीरिक शोषण तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने छात्रा को वीडियो के नाम पर डराकर मोटी रकम की मांग शुरू कर दी। लोक-लाज के डर से छात्रा आरोपी की मांगें पूरी करती रही। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अब तक पीड़िता से कुल 9 लाख 50 हजार रुपये वसूल लिए थे। जब आरोपी का शोषण बर्दाश्त से बाहर हो गया, तब पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर स्मृति नगर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और आरोपी दीपक ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया।

## दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

एसएबीसी न्यूज के अनुसार रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं।

प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया।

## कारोबारी के घर एफडीए की रेड, 50 लाख की दवा जब्त

### बेटे के मोबाइल से मिले सुराग, 3 कमरों से निकले 200 कार्टून

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में दवाओं के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर के संचालक खेमराज बानी के घर पर छापा मारा। 50 लाख रुपए की एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाइयां बरामद की गईं। दवाएं नकली हैं कि नहीं जांच की जा रही है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक जब्त की गई दवाइयों की



मात्रा करीब 200 कार्टून है, जिन्हें ट्रक में भरकर ले जाया गया। कारोबारी ने इन नकली दवाओं को अपने घर के तीन अलग-अलग कमरों में छिपाकर रखा था। कारोबारी के बेटे के मोबाइल से अहम सुराग मिले हैं।

दरअसल, 16 दिसंबर को रायपुर और रायगढ़ से पहुंचे 4 अधिकारियों की टीम ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ में छापेमारी की थी। उस वक्त सरस्वती मेडिकल स्टोर और संचालक के घर से महज 2 लाख 24 हजार रुपए की दवाओं की जब्ती दिखाई गई।

टीम ने जांच के दौरान कारोबारी के बेटे का मोबाइल फोन चेक किया। मोबाइल में नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट, गोगांव से पहले पकड़ी गई नकली दवाइयों की तस्वीरें मिलीं। इन्हीं तस्वीरों से जांच दल को सुराग मिला। इसके बाद घर के अंदर छिपाकर रखी गई दवाइयों तक टीम पहुंच सकी।

## रेलवे ने रद्द की 21 ट्रेनें: 26 से 29 दिसंबर के बीच नहीं चलेंगी गाड़ियां

**रायपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन में 21 मेमू पैसेंजर गाड़ियों को 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक कैंसिल कर दिया गया है। इसके अलावा दो मेमू पैसेंजर ट्रेनों को गंतव्य से पहले आंशिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी। नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ सेक्शन में काम होगा। 21 गाड़ियों में रायपुर मंडलरेलवे ने रद्द की 21 ट्रेनें: 26 से 29 दिसंबर के बीच नहीं चलेंगी गाड़ियां

रायपुर। बिलासपुर रेलवे जोन में 21 मेमू पैसेंजर गाड़ियों को 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2025 तक कैंसिल कर दिया गया है। इसके अलावा दो मेमू पैसेंजर ट्रेनों को गंतव्य से पहले आंशिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी। नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ सेक्शन में काम होगा। 21 गाड़ियों में रायपुर मंडल की 11 और नागपुर मंडल की 10 गाड़ियां रद्द रहेंगी।

## मनरेगा नाम बदलने पर कांग्रेस का प्रदर्शन बिलासपुर में केंद्र के खिलाफ नारेबाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के विरोध में रविवार को बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से नेहरू चौक तक जुलूस निकाला गया, जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

यह हफ्ते भर में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का चौथा विरोध प्रदर्शन था। इस धरना आंदोलन में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, कांग्रेस नेता विजय केशरवानी, विजय पांडेय, समीर बबला, जावेद मेमन, संतोष दुबे, गायत्री



लक्ष्मीनाथ साहू और शिल्पी तिवारी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार जनहितैषी योजनाओं को बंद करने की साजिश रच रही है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई योजनाओं को निशाना बना रही है।

## गृहमंत्री के बंगले पहुंचे सैकड़ों कैंडिडेट्स, मंत्री से की बातचीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर आज सुबह बड़ी संख्या में कैंडिडेट गृहमंत्री विजय शर्मा के बंगले पहुंचे। जहां गृहमंत्री ने खुद बंगले के बाहर कैंडिडेट्स से मिलकर मुलाकात की और समस्याओं पर चर्चा की।

इससे पहले कैंडिडेट्स ने बंगले के बाहर बैठकर अपनी मांगे रखी। विजय शर्मा ने उन्हें मनाने का प्रयास किया और बंगले के भीतर चर्चा करने की समझाइश दी।हालांकि कैंडिडेट्स ने कहा बाकी साथियों के आने पर ही वो बंगले जाएंगे। इसके बाद गृहमंत्री अंदर चले गए। कुछ देर बाद बाकी साथियों के आने पर कैंडिडेट भी अंदर पहुंचे।

## रायगढ़ में बीएससी की छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जिंदल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अन्य छात्रों से पूछताछ कर रही है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिंदल यूनिवर्सिटी में बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा प्रिंसी जो



कि मूलतः जमशेदपुर टाटा की रहने वाली है और हॉस्टल में रहती थी। बीती रात नौ बजे के आसपास छात्रा ने अज्ञात कारणों से अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे हॉस्टल परिसर में सनसनी फैल गई। छात्रा के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की जानकारी मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतका के साथियों से पूछताछ की जा रही है।

## विरासत : पति से पिंड छुड़ाने के लगते हैं लाखों




जब भी विरासत की बातें होती हैं तो समाज और संस्कृति उसका अभिन्न हिस्सा होती है। होनी भी चाहिए और इसपर हमें गर्व भी होना चाहिए। पर साथ ही हमें उन परम्पराओं की जानकारी भी होनी चाहिए जिन्हें पिछली सदियों के दौरान बदलने की कोशिशें की गईं। इनमें से कई परम्पराओं के बारे में तो हमें कुछ पता भी नहीं होगा। एक ऐसी ही कहानी है मध्य प्रदेश के राजगढ़ ज़िले के पगारिया गांव की। यहां विवाह की एक विचित्र रस्म है। यहां बच्चियों का विवाह तब तय हो जाता है जब उन्हें नाक पोंछना भी नहीं आता। इसे सगाई की रस्म माना जा सकता है। पर यह इतना ठोस रिश्ता होता है कि इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं। यदि गौना के समय या कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद युवती विवाह को तोड़ना चाहे तो परिवार को लाखों रुपए देने पड़ सकते हैं। इसका फैसला पंचायत में होता है जिसे समाज में अंतिम माना जाता है। चुकारे की इस भारी-भरकम रकम की व्यवस्था करने के लिए उन युवाओं के परिवारों की भी मदद ली जाती है जो युवती से विवाह करना चाहते हैं। इस परम्परा को 'झगड़ा नातरा' कहते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार राजगढ़ ज़िले में 52 फ़ीसदी महिलाएं अनपढ़ हैं और 20-24 आयु वर्ग की कुल लड़कियों में से 46 फ़ीसदी ऐसी हैं जिनका बाल विवाह हो चुका है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ के अलावा, आगर मालवा, गुना समेत राजस्थान के झालावाड़ से लेकर चित्तौड़गढ़, ऐसे इलाके हैं जहां नातरा प्रथा का चलन है। राजगढ़ पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह पूरी तरह से अवैध और असंवैधानिक प्रथा है। पिछले तीन सालों में इस तरह के 5000 मामले पुलिस में दर्ज हो चुके हैं। इसका श्रेय इन इलाकों में सक्रिय शिक्षित महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को देना चाहिए। पर समाज इसे अच्छी नजर से नहीं देखता। समाज सेवे बताते हैं कि एक लड़की का पैदा होने इन परिवारों के लिए अपशकुन की तरह होता है जो कन्या भ्रूण हत्या के लिए भी प्रेरित कर सकता है। इसपर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड अंबिकापुर में पारा सबसे नीचे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ इन दिनों कड़ी ठंड और घने कुहासे के दौर से गुजर रहा है। रात के समय सर्द हवाओं का असर इतना तेज है कि ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है। बिलासपुर और रायपुर को छोड़ दें तो पूरा प्रदेश ठिठुरन महसूस कर रहा है।

छत्तीसगढ़ इन दिनों कड़ी ठंड और घने कुहासे के दौर से गुजर रहा है। रात के समय सर्द हवाओं का असर इतना तेज है कि ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है। बिलासपुर और रायपुर को छोड़ दें तो पूरा प्रदेश ठिठुरन महसूस कर रहा है। सबसे ज्यादा असर अंबिकापुर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है, जहां पारा काफी नीचे लुढ़क गया है। इसके साथ ही सुबह धुंध की चादर इतनी घनी रहती है कि कई स्थानों पर दिन निकलने के बाद भी दृश्यता सामान्य होने में समय लग रहा है। सरगुजा संभाग से लेकर राजधानी रायपुर तक कोहरे का असर साफ दिखाई दे रहा है।



## संपादकीय

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है। नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

> “ भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की ‘चमत्कार करने वाली’ संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं।

---

यह इतिहास से ज्यादा राजनीति का सवाल है भाजपा की नजर में पंडित जवाहरलाल नेहरू कितने बड़े नेता थे? भाजपा कभी उनको इतना बडा नेता बताती है जैसे आजादी से पहले और बाद के सारे फैसले उन्होंने अकेले किए तो कभी इतना छोटा नेता बताती है कि वे अपने लिए एक आदमी का समर्थन नहीं जुटा पाए! एक तरफ भारतीय जनता पार्टी बताती है कि नेहरू इतने बड़े नेता थे कि उन्होंने देश का विभाजन कराया, ‘वोट चोरी’ करके देश के पहले प्रधानमंत्री बने, संविधान में तमाम किस्म की गड़बड़ियां कराई, भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं बनने दिया आदि आदि। लेकिन दूसरी ओर वही भाजपा कहती है कि नेहरू की इतनी हैसियत नहीं थी कि कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव करे।

# भाजपा नेहरू विवाद को नहीं छोड़ने वाली

**अजीत द्विवेदी**



सवाल है कि जब नेहरू में इतनी भी ताकत नहीं थी कि कांग्रेस की 15 प्रांतीय कमेटियों में से किसी एक कमेटी से अपने नाम की सिफारिश करा सकें और सरदार वल्लभ भाई पटेल इतने शक्तिशाली थे कि 15 में से 12 कमेटियों ने उनके नाम की सिफारिश की तो देश के विभाजन का फैसले नेहरू ने कैसे कराया? अगर सबसे शक्तिशाली महात्मा गांधी और सरदार पटेल थे तो इसका मतलब यह है कि सारे फैसले उन दोनों ने कराए! भाजपा क्यों नहीं कहती है कि देश के विभाजन से लेकर भारत के हिंदू राष्ट्र नहीं बनने तक और संविधान की गड़बड़ियों से लेकर कश्मीर के विवाद तक सबके लिए जिम्मेदार गांधी और पटेल थे, जो कांग्रेस और देश के सबसे बड़े नेता भी थे?

तभी आजादी से ठीक पहले और तुरंत बाद पंडित नेहरू की क्या स्थिति थी इसको समझने के लिए तीन कहानियां सुनने की जरुरत है:

पहली कहानी भाजपा को बहुत पसंद है। संसद में भी वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुनाई थी और कहा था कि ‘वोट चोरी’ करके नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने थे। वह कहानी असल में ऐसी है कि 1940 से लेकर 1946 तक मौलाना अबुल कलाम आजाद कांग्रेस के अध्यक्ष थे। दूसरे विश्वयुद्ध की वजह से कांग्रेस के अधिवेशन अनियमित हुए और मौलाना आजाद अध्यक्ष बने रहे थे। 1946 में जब कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का फैसला हुआ तो उस समय तक तय हो गया था कि जो कांग्रेस का अध्यक्ष होगा वह अंतरिम सरकार का प्रमुख होगा। उस समय तीन दावेदार थे सरदार पटेल, आचार्य जेबी कृपलानी और पंडित नेहरू। इनके अलावा मौलाना आजादी भी अध्यक्ष बने रहना चाहते थे। हालांकि उनको चिट्ठी लिख कर महात्मा गांधी ने कह दिया था कि वे उनकी निरंतरता के पक्ष में नहीं हैं। महात्मा गांधी चाहते थे कि नेहरू अध्यक्ष बनें। लेकिन 15 में से 12 प्रांतीय कमेटियों ने सरदार पटेल का नाम भेजा।

संक्षेप में कहानी यह है कि गांधी की इच्छा का सम्मान करते हुए सरदार पटेल और कृपलानी दोनों मैदान से हटे और नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष बनने के एक महीने के बाद वायसराय ने उनको अंतरिम सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। जाहिर है नेहरू अपनी ताकत से अध्यक्ष नहीं बने थे और यह भी जाहिर है कि अगर कोई ‘वोट चोरी’ हुई थी तो वह उन्होंने नहीं की थी। वह तो गांधी थे, जिन्होंने प्रांतीय कमेटियों की सिफारिशों को रद्दी में डाला और नेहरू को अध्यक्ष बनवाया। तभी सवाल है कि प्रधानमंत्री हों या केंद्रीय गृह मंत्री या दूसरे भाजपा नेता वे इस बात को इसी रूप में क्यों नहीं कहते हैं? वे गांधी को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराते हैं?

दूसरी कहानी आजादी के बाद 1950 के कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की है। ध्यान रहे अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और चूंकि सरदार पटेल उप प्रधानमंत्री बने थे तो अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दो साल आचार्य जेबी कृपलानी ने संभाली। उसके बाद दो साल पट्टाभि सीतारमैया कांग्रेस अध्यक्ष रहे। फिर 1950 का चुनाव आया, जो आजादी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का सबसे चर्चित चुनाव रहा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आचार्य जेबी कृपलानी को अपने उम्मीदवार के तौर पर पेश किया और दूसरी ओर राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन उम्मीदवार बन गए। उनको सरदार पटेल का समर्थन था। घमासान मुकाबले में राजर्षि टंडन ने आचार्य कृपलानी को हरा दिया। यानी सरदार पटेल के उम्मीदवार ने पंडित नेहरू के उम्मीदवार को हरा दिया।

इसका मतलब है कि चार साल तक प्रधानमंत्री रहने के बावजूद कांग्रेस में नेहरू की ऐसी हैसियत नहीं बनी थी कि वे सरदार पटेल से जीत सकें। अब सोचें इस चार साल की अवधि के सारे फैसलों के लिए भी अकेले नेहरू को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि उस अवधि में भी सबसे ताकतवर पटेल थे। उनको देशी रियासतों के विलय का श्रेय दिया जाता है। लेकिन बाकी गड़बड़ियों का ठीकरा नेहरू के सर फोड़ा जाता है! क्या इन चार वर्षों के तमाम फैसलों के लिए सरदार पटेल बराबर के या कुछ ज्यादा के जिम्मेदार नहीं थे?

तीसरी कहानी देश के पहले और दूसरे राष्ट्रपति के चुनाव की है। संविधान सभा के अध्यक्ष के नाते डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद कार्यकारी राष्ट्रपति थे। आजाद भारत में राष्ट्रपति का पहला चुनाव फरवरी 1952 में हुआ। तब तक सरदार पटेल का निधन हो चुका था। प्रधानमंत्री नेहरू की पसंद चक्रवर्ती सी राजगोपालाचारी थे। वे चाहते थे कि दक्षिण भारत से किसी नेता को राष्ट्रपति बनाया जाए। उनको लग रहा था कि दक्षिण भारत के नेताओं का समर्थन राजगोलाचारी के नाम पर मिलेगा। लेकिन नेहरू उनके लिए समर्थन नहीं जुटा सके और उनकी इच्छा के विरूध राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति बने। दूसरी बार 1957 में भी नेहरू ने उनकी जगह उप राष्ट्रपति एस राधाकृष्णन को राष्ट्रपति बनाना चाहा लेकिन तब भी कामयाब नहीं हुए और राजेंद्र बाबू दूसरी बार राष्ट्रपति बने। सोचें, 1957 में 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद भी नेहरू इतने ताकतवर नहीं थे कि अपनी पसंद से देश का राष्ट्रपति बनवा सकें!

ये तीनों कहानियां सही हैं और भाजपा को बहुत पसंद हैं। भाजपा के नेता अलग अलग कार्यक्रमों में इसमें खूब मिर्च मसाला लगा कर सुनाते भी हैं। अब सवाल है कि जब नेहरू में इतनी ताकत नहीं थी कि वे कांग्रेस की 15 कमेटियों में से एक भी समर्थन अपने लिए जुटा सकें तो फिर उन्होंने देश विभाजन का फैसला कैसे करवा दिया? देश विभाजन का फैसला भी तो उन लोगों ने करवाया होगा, जो ताकतवर थे, जिनको 12 कमेटियों का समर्थन मिला था या जिन्होंने 12 कमेटियों के समर्थन के बावजूद पटेल को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया? सबसे ताकतवर तो गांधी और पटेल थे, फिर देश विभाजन का ठीकरा उनके सर क्यों नहीं फूटता है? वहां क्यों या तो कांग्रेस कहा जाता है या नेहरू का नाम लिया जाता है? सोचें, सरदार पटेल ने चाह दिया तो नेहरू के उम्मीदवार जेबी कृपलानी को अध्यक्ष नहीं बनने दिया। उनको राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के हाथों हरवा दिया। फिर भारत के हिंदू राष्ट्र नहीं बनने या हिंदी स्वीकार नहीं किए जाने या कश्मीर मसला उलझने या दूसरे विवादों के लिए अकेले नेहरू कैसे जिम्मेदार हैं?

जो सबसे ज्यादा ताकतवर कांग्रेस नेता था उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? नेहरू अपनी पसंद से राष्ट्रपति नहीं बनवा सकते थे लेकिन भाजपा कहती है कि सारे फैसले वे कर रहे थे! क्या आज यह कल्पना की जा सकती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिसको चाहें उसको हरा कर कोई दूसरा व्यक्ति भाजपा का अध्यक्ष बन जाए या प्रधानमंत्री मोदी जिसको राष्ट्रपति बनाना चाहें उसकी बजाय कोई दूसरा बन जाए? इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन आजादी से तुरंत बाद ऐसा सच में हुआ था कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अपनी पसंद का कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनवा पाए और अपनी पसंद का राष्ट्रपति नहीं बनवा पाए।

जाहिर है भाजपा आजादी से ठीक पहले या उसके ठीक बाद जाने अनजाने में हुई तमाम गड़बड़ियों का ठीकरा जान बूझकर, एक रणनीति के तहत नेहरू पर फोड़ती है और तमाम अच्छी बातों का श्रेय सरदार पटेल को देती है। असल में इसका तथ्य और तर्क से कोई लेना देना नहीं होता है। वह नेहरू विरोध के सहारे कांग्रेस विरोध की राजनीति करती है। जब तक नेहरू गांधी परिवार कांग्रेस के शीर्ष पर रहेगा, तब तक यह चलता रहेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में कहा कि भाजपा समय तय करके एक बार में नेहरू के बारे में चर्चा कर ले और उसके बाद असली मुद्दों पर चर्चा करे। लेकिन चाहे वे जितना कहें भाजपा इस विवाद को नहीं छोड़ने वाली है। वह किसी भी गड़बड़ी के लिए कांग्रेस के सामूहिक नेतृत्व का नाम नहीं लेगी, गांधी और पटेल का नाम तो कतई नहीं लेगी।

---

# भारत के लिए चिंता की बात है अराजकता

**डॉ. कृष्ण कुमार**

> हसीना सरकार के जाने के बाद जमात-ए-इस्लामी जैसे समूह सक्रिय हो गए हैं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने बार-बार इस पर विरोध जताया है। हादी जैसे भारत-विरोधी नेता, जो कभी ‘ग्रेटर बांग्लादेश’ जैसे विचारों से जुड़े थे, प्रदर्शनों में भारत को निशाना बनाकर इस भावना को प्रदर्शित करते रहे हैं। बांग्लादेश में ‘कट्टरपंथ’ की विभीषिका चरम पर है। हिंसा के इस दौर में भारत विरोध और मीडिया हाउस निशाने पर हैं। निष्पक्ष लिखने वाले पत्रकारों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। वहां का हिंदू समुदाय, पत्रकार और मीडिया हाउस भय की स्थिति में हैं।

वर्तमान में, बांग्लादेश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति संवेदनशील हो चुकी है। दिसंबर के मध्य में घटित घटनाओं ने इस देश को नए उथल-पुथल की ओर धकेल दिया है। शरीफ उस्मान हादी, जो इंक़लाब मंच के प्रवक्ता और 2024 के छात्र आंदोलन के प्रमुख चेहरे थे, की मौत ने व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है। हादी, जो भारत-विरोधी बयानबाजी और शेख हसीना के कट्टर आलोचक के रूप में जाने जाते थे, की हत्या ने न केवल आंतरिक अस्थिरता को बढ़ावा दिया, बल्कि भारत के साथ संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया है।

पिछले दिनों ढाका और अन्य शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए, जिसमें प्रमुख मीडिया हाउस जैसे ‘द डेली स्टार’ और ‘प्रथम आलो बांग्ला’ समाचार पत्र के कार्यालयों पर हमले और आगजनी की घटनाएं घटीं। वहीं, भारत ने सुरक्षा चिंताओं के चलते अपने वीजा केंद्र बंद कर दिए, जो द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का स्पष्ट संकेत है। इन घटनाओं से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, जो नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में है, के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। कट्टरपंथी तत्वों का उदय और भारत-विरोधी भावनाएं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर ख़तरा पैदा कर रही हैं।

इन सब घटनाओं की पृष्ठभूमि में 2024 का छात्र-नेतृत्व वाला आंदोलन एक महत्वपूर्ण मोड़ था। कोटा सिस्टम के खिलाफ शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हो गया, जिसके परिणामस्वरूप अगस्त, 2024 में हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। इस आंदोलन में इंक़लाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी जैसे छात्र नेताओं ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

शेख़ हसीना के जाने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनी, जिसने फ़रवरी, 2026 तक चुनाव कराने का वादा किया है। हालांकि, इस अवधि में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमले तथा मीडिया पर दबाव भी पड़े हैं। पिछले दिनों शरीफ उस्मान हादी की मौत हो गई। यूनुस सरकार ने इसे सुनियोजित हमला बताया और जांच का भरोसा दिलाया है। हादी की मौत के चलते ढाका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख मीडिया हाउसों को निशाना बनाया। पहले बांग्ला दैनिक ‘प्रथम आलो’ के कार्यालय और उसके बाद ‘द डेली स्टार’ की इमारत पर हमला हुआ। इन दोनों अखबारों के प्रकाशन और ऑनलाइन ऑपरेशंस प्रभावित हुए हैं। प्रदर्शनकारी इन मीडिया हाउसों को ‘भारत समर्थक’ या ‘यूनुस सरकार समर्थक’ मानते थे। कुछ रिपोर्टों में तो प्रदर्शनकारियों ने भारत को हादी की हत्या का जिम्मेदार ठहराया। इससे भारत-विरोधी नारे और बढ़ गए।

इस समय बांग्लादेश में मीडिया पर हमले, प्रेस की स्वतंत्रता पर खतरा और पत्रकारों को निशाना बनाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। बेशक अंतरिम सरकार ने इन हमलों की निंदा की है, जबकि विपक्षी दल इसे सरकार की नाकामी बता रहे हैं।

भारत के लिए चिंता का विषय है कि इन अख़बारों को अक्सर भारत समर्थक माना जाता है। यदि भारत-विरोधी तत्व मीडिया को निशाना बना रहे हैं, तो इससे द्विपक्षीय संबंध और भी तनावपूर्ण हो सकते हैं। भारत ने सुरक्षा कारणों से इन घटनाओं के बीच अपने वीजा आवेदन केंद्र बंद कर दिए हैं। इधर, भारत ने बांग्लादेश के राजदूत को तलब कर चिंता जताई और कट्टर तत्वों की गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज की है। भारत का कहना है कि अंतरिम सरकार मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असफल रही है। हजारों बांग्लादेशी जो मेडिकल, शिक्षा या परिवार से मिलने भारत आते हैं, प्रभावित हुए हैं।

हसीना सरकार के जाने के बाद जमात-ए-इस्लामी जैसे समूह सक्रिय हो गए हैं और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं। भारत ने बार-बार इस पर विरोध जताया है। हादी जैसे भारत-विरोधी नेता, जो कभी ‘ग्रेटर बांग्लादेश’ जैसे विचारों से जुड़े थे, प्रदर्शनों में भारत को निशाना बनाकर इस भावना को प्रदर्शित करते हैं।

इधर यूनुस सरकार इन तत्वों को नियंत्रित नहीं कर पा रही। चुनाव फ़रवरी, 2026 में हैं, लेकिन अस्थिरता से देरी हो सकती है। अस्थिरता के चलते इस समय भारतीय सीमा पर घुसपैठ, आतंकवाद या शरणार्थी संकट बढ़ सकता है।

बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति ‘उथल-पुथल’ जैसी है। यह एक संक्रमण काल है, जहां छात्र आंदोलन से निकले नेता, कट्टरपंथी तत्व और पुरानी पार्टियां संघर्ष कर रही हैं। इस पर भारत को सतर्क रहकर कूटनीतिक समाधान तलाशना चाहिए। भारत को इस समय हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और प्रेस स्वतंत्रता पर ध्यान देना होगा, साथ ही बांग्लादेश की संवेदनशील स्थिति पर नज़र रखनी होगी।

**लेखक दूरदर्शन के उप-महानिदेशक रह चुके हैं।**

---

# परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करना और साहसिक कदम उठाना

**आर. बी. ग्रोवर**



मानव विकास का संबंध ऊर्जा खपत से है। 1971 में साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध पत्र में, अर्ल कुक ने बताया कि आदिम मानव से लेकर आधुनिक तकनीकी मानव तक, प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत कैसे बढ़ती गई। आदिम मानव को केवल भोजन के लिए ऊर्जा चाहिए होती थी। शिकार के दौर में घर और व्यापार से जुड़ी ऊर्जा जरूरतें भी जुड़ गईं। जब मानव कृषि करने लगा, तो उद्योग, खेती और परिवहन के लिए भी ऊर्जा की मांग पैदा हुई। औद्योगिक और तकनीकी चरणों में भोजन, घर, व्यापार, कृषि और परिवहन के लिए ऊर्जा की जरूरत लगातार बढ़ती गई। वर्तमान समय डिजिटल तकनीकों का युग है, और अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण अतिरिक्त ऊर्जा की मांग करता है।

मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) मानव विकास का सटीक आकलन प्रस्तुत करता है। इसमें प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे तीन महत्वपूर्ण संकेतक शामिल हैं। एचडीआई और प्रति व्यक्ति अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) के बीच संबंध का उपयोग करके यह तय किया जा सकता है कि किसी खास एचडीआई स्तर तक पहुंचने के लिए कितनी ऊर्जा की जरूरत होगी। जी20 समूह का सदस्य होने के नाते भारत उन देशों के साथ खड़ा है, जिनका एचडीआई 0.9 से अधिक है।

हमारे अनुमानों के अनुसार, ऊर्जा दक्षता और अंतिम उपयोगों के विद्युतीकरण में और सुधार को ध्यान में रखते हुए, 0.9 तक पहुंचने के लिए भारत को प्रति वर्ष लगभग 24,000 टेरा-वाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा उत्पन्न करने की आवश्यकता होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517-527)। इसमें से लगभग 60 प्रतिशत बिजली के रूप में इस्तेमाल होगी, जबकि शेष भाग का उपयोग इलेक्ट्रोलाइज़र में हाइड्रोजन बनाने के लिए किया जाएगा। हाइड्रोजन की जरूरत स्टील, उर्वरक, प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने के लिए होती है। जब हाइड्रोजन उत्पादन की वैकल्पिक तकनीकें बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएंगी, तो बिजली की आवश्यकता भी कम हो जाएगी। 2023-24 में बिजली उत्पादन लगभग 1950 टेरा-वाट-घंटे था, और हाल के वर्षों में सीएजीआर लगभग 4.8 प्रतिशत रहा है। इस स्तर पर विकास दर बनाए रखते हुए, चार से पांच दशकों में प्रति वर्ष 24,000 (टीडब्ल्यूएच) बिजली का उत्पादन संभव होगा। हालांकि, इसमें दो जटिलताएं हैं।

सबसे पहले, भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण को कार्बन-मुक्त बनाना होगा। इसलिए बिजली उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ अंतिम उपयोगों का विद्युतीकरण और ऊर्जा मिश्रण का पुनर्गठन भी जरूरी है। वर्तमान में अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) में बिजली की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत है, जिसे काफी बढ़ाना होगा। आज का ऊर्जा मिश्रण मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है, जबकि इन्हें ऐसे ऊर्जा स्रोतों से बदलना होगा जिनसे कार्बन उत्सर्जन न हो। इसका मतलब है कि भारत को जलविद्युत, परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा से अधिक बिजली पैदा करनी होगी।

भारत में जलविद्युत और पवन ऊर्जा की क्षमता सीमित है। देश की आबादी घनी है, इसलिए सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के लिए बहुत बड़े भू-भाग को अलग करना आसान नहीं है। हालांकि जल, सौर और पवन ऊर्जा की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन केवल ये स्रोत मिलकर भी 0.9 से अधिक एचडीआई हासिल करने के लिए जरूरी ऊर्जा स्तर उपलब्ध कराने में पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाना होगा। जब तक यह लक्ष्य पूरा नहीं होता, तब तक भारत को कुछ हद तक जीवाश्म ईंधनों का उपयोग जारी रखना पड़ेगा।

दूसरे, सौर और पवन ऊर्जा अनियमित (अस्थिर) स्रोत हैं। सौर पैनलों और पवन चक्कियों से बनने वाली बिजली समय और मौसम के अनुसार बदलती रहती है। इसलिए बिजली की आपूर्ति को मांग के अनुरूप रखने के लिए, अधिक उत्पादन होने पर बिजली को संग्रहित करना और उत्पादन कम होने पर आपूर्ति बढ़ाना जरूरी होता है। बिजली का भंडारण महंगा है, और सौर व पवन ऊर्जा में मौसमी उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए बड़े पैमाने पर भंडारण व्यवस्था करना बेहद खर्चीला है। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली के मिश्रण में पर्याप्त बेस-लोड उत्पादन क्षमता होनी चाहिए, यानी ऐसी बिजली जो मौसम या दिन-रात पर निर्भर न हो। परमाणु बिजलीघर निरंतर बेस-लोड बिजली देते हैं, इसलिए कार्बन-मुक्त ऊर्जा मिश्रण में उनका शामिल होना आवश्यक है।

इस आवश्यकता को समझते हुए, परमाणु ऊर्जा विभाग की इकाइयां भारतीय उद्योग के सहयोग से परमाणु ऊर्जा का उपयोग इस तरह करने पर काम कर रही हैं कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला देश में ही विकसित हो। भारत में पर्याप्त यूरेनियम नहीं है, इसलिए केवल यूरेनियम का आयात करना पड़ता है। भारत ने परमाणु ईंधन तैयार करने, भारी पानी (हेवी वॉटर) बनाने और दाबित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण के लिए जरूरी सभी उपकरणों की तकनीक विकसित कर ली है। न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने अलग-अलग क्षमता वाले पीएचडब्ल्यूआर के डिजाइन और संचालन में महारत हासिल कर ली है, जिनमें सबसे बड़ी क्षमता 700 मेगावाट की है।

---

# वंदे मातरम पर बहस

बेहतर होगा कि नेहरू और पूर्व तमाम सरकारों ने जो गलत किया उन पर दो अलग-अलग श्वेत पत्र निकाले जाएं। उससे देश अतीत में उलझी बहसों से बाहर निकल सकेगा। फिर आज की गंभीर समस्याओं पर ध्यान केंद्रित चर्चा हो सकेगी। वंदे मातरम पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने, शायद कटाक्ष में, लेकिन सटीक सुझाव दिया। उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। गांधी ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के नेता लगातार जवाहर लाल नेहरू की गलतियां निकालते हैं। तो क्यों ना इस विषय पर सत्ता पक्ष के मनमुताबिक समय तय करते हुए संसद में पूरी चर्चा कर ली जाए। बल्कि सुझाव को आगे बढ़ाते हुए यह भी कहा जा सकता है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए, जिसमें नरेंद्र मोदी सरकार के पहले की तमाम सरकारों की गलतियों पर खुल कर चर्चा हो। बेहतर तो यह होगा कि नेहरू और पूर्व तमाम सरकारों ने जो गलत किया या जो सही नहीं किया, उन पर दो अलग-अलग श्वेत पत्र निकाले।

उन श्वेत पत्रों को राष्ट्रीय अभिलेखागार में रख लिया जाए। लाभ यह होगा कि उसके बाद देश अतीत में उलझी बहसों से बाहर निकल सकेगा। फिर आज की गंभीर समस्याओं पर ध्यान केंद्रित चर्चा हो सकेगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुछ रोज पहले एक दीक्षांत समारोह में कहा कि इस समय अमेरिका और चीन दोनों अपने मनमाफिक अंतरराष्ट्रीय नियम थोप रहे हैं। इसके बीच भारत मुश्किल में फंसा हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि ‘पूर्व सरकारों ने भारत में औद्योगिक ढांचा बनाने पर ध्यान नहीं दिया।’ जयशंकर ने कहा कि जिसके पास यह ताकत है, वह दुनिया पर प्रभुत्व जमा रहा है। तो जयशंकर ने आज की विफलताओं की भी पूरी जिम्मेदारी अतीत पर डाल दी।

जाहिर है, यह इस पूरी सरकार का नजरिया है। मगर देश के सामने सवाल है कि अतीत में जो हुआ, सो हुआ- अब क्या किया जाए? आखिर अतीत के सत्ताधारियों को जनता ने इसीलिए उनकी आज की हैसियत में पहुंचाया है, क्योंकि उन्होंने देश की अपेक्षाएं पूरी नहीं कीं। इनसे संबंधित सारी बातें सहज स्वीकार की जाएंगी। मगर इन व्यर्थ बहसों से देश को छुटकारा मिलना चाहिए। इसलिए एक बार पूरी बात हो जाए। मगर यह तभी संभव है, अगर वर्तमान सत्ताधारियों की मंशा तुच्छ सियासत से ना प्रेरित हो। ऐसा नहीं है, यह साबित करने का दायित्व उन पर ही है।

## खास खबर

### प्रदेश के 307 ब्लाक में कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति शीघ्र : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए शीघ्र ही कांग्रेस के 307 ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी। ज्ञात रहे कांग्रेस में पिछले दिनों जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर युवाओं को महत्व दिया था। पिछले दिनों कांग्रेस ने सृजन अभियान के तहत पर्यवेक्षक को भेजा था, जिन्होंने कार्यकर्ताओं से रायशुमारी और बायोडाटा लेकर टीम बनाने के लिए हाईकमान को बायोडाटा भेज दिया था। इसके बाद प्रदेश जिलों के अध्यक्षों को नियुक्ति दी गई थी। पूरे प्रदेश के 307 ब्लाक में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की कवायद तेज हो गई है, इसका उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना है, ताकि संगठन में जुझारू एवं मेहनतकश इंसान को स्थान मिल सके।

### घोड़ारी में अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर 30 को

**महासमुंद।** अनुसूचित जातियों के हित में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि यह शिविर 30 दिसम्बर को महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम घोड़ारी में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए अपने-अपने विभागीय योजनाओं, सुविधाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को प्रदान की जाएगी।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनाः 273 यात्रियों का जत्था रवाना

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 20 से 23 दिसंबर 2025 तक तीर्थ स्थल शिरडी, शनि सिंगनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर की यात्रा कराई जा रही है। इस यात्रा के लिए जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों से चयनित वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं सहित कुल 273 यात्रियों का जत्था 20 दिसंबर को दोपहर 1 बजे रायगढ़ से रवाना हुआ।

### रायगढ़ जिला जेल में पहली बार बंदियों के लिए खेल उत्सव

**रायगढ़।** जिला जेल रायगढ़ में पहली बार बंदियों के स्वस्थ मनोरंजन एवं मानसिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से आईपीएल की तर्ज पर नॉकआउट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में बंदियों की 10 टीमों ने भाग लिया। शतरंज में 52 बंदी एवं कैरम में 76 बंदी प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। जिला जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 21 दिसंबर को खेला जाएगा।

### सिम्स में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल, उत्पीड़न से नाराजगी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जूनियर डॉक्टरों और लैब स्टाफ के बीच विवाद गंभीर रूप ले लिया है। शुक्रवार की घटना के बाद शनिवार सुबह से जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। रेडियो विभाग में काम करने वाले एक जूनियर डॉक्टर को लैब टेक्नीशियन मनीष कुमार सोनी ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया। घटना की शिकायत करने पर सीआईएमएस प्रशासन ने लैब टेक्नीशियन को मानसिक तौर पर बीमार घोषित कर दिया। जूनियर डॉक्टरों का आरोप है कि प्रशासन ने उनके विरोध और शिकायत की बजाय उन्हें काम पर लौटने का दबाव डाला। उन्होंने कहा कि लैब टेक्नीशियन के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनकी नाराजगी हड़ताल में बदल गई। यह विवाद स्वास्थ्य सेवा संचालन को प्रभावित कर सकता है, क्योंकि जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के चलते कई विभागों में कामकाज ठप हो गया है।

# राष्ट्रीय 'नई चेतना 4.0' के तहत राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा राष्ट्रीय अभियान 'नई चेतना 4.0' के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय जेंडर कार्यशाला का आयोजन आज नए सर्किट हाउस रायपुर में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अश्विनी देवांगन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल महिलाओं के हक-अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण



विकास विभाग श्री सिंह ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर के माध्यम से महिलाओं को एक सशक्त मंच मिलेगा, जहाँ वे अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका एवं भागीदारी है।

मिशन संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन श्री देवांगन ने कहा कि जेंडर केवल किसी एक विभाग का विषय नहीं है, बल्कि शासन के सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जेंडर को मुख्यधारा में लाने हेतु विभागीय अभिसरण को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की भूमिका को सुदृढ़ करना तथा महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए समन्वित कार्यप्रणाली विकसित करना रहा।

# दलहन-तिलहन उपार्जन की स्वीकृति केन्द्र ने मंजूर किए 425 करोड़ रुपए

## सहकारी समितियों के माध्यम से मार्कफेड करेगा खरीदी, किसानों में हर्ष

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम में छत्तीसगढ़ को दलहन और तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन की अनुमति मिल गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के बीच हुई चर्चा के बाद केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन में दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए 425 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से खरीफ और रबी सीजन के लिए कुल 1 लाख 22 हजार मीट्रिक टन दलहन-तिलहन उपार्जन का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। इसमें खरीफ के लिए 50 हजार मीट्रिक टन और रबी के लिए



72 हजार मीट्रिक टन शामिल हैं। फिलहाल केंद्र से खरीफ की फसलों के उपार्जन की अनुमति मिली है।

इसके तहत अरहर 21 हजार 330 मीट्रिक टन, उड़द 25 हजार 530 मीट्रिक टन, मूंग 240 मीट्रिक टन, सोयाबीन 4 हजार 210 मीट्रिक टन और मूंगफली 4 हजार 210 मीट्रिक टन का उपार्जन किया जाएगा। इन फसलों के उपार्जन पर कुल 425 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्र सरकार ने मांग आने पर सोयाबीन और मूंगफली के लिए अतिरिक्त स्वीकृति देने का आश्वासन भी दिया है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए अरहर का समर्थन मूल्य 8000 रूपए प्रति क्विंटल, मूंग का 8768 रूपए, उड़द का 7800 रूपए, मूंगफली का 7800 रूपए, सोयबीन का प्रति क्विंटल 5328 रूपए घोषित किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। उपार्जन का कार्य राज्य में मार्कफेड के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए 22 जिलों में 222 उपार्जन केंद्र पहले ही अधिसूचित कर दिए गए हैं। किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया कृषि विभाग के एकीकृत किसान पोर्टल पर लगातार जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन का उपार्जन किसानों के हित में राज्य सरकार का बड़ा निर्णय है। इससे किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से प्रदेश में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा और छत्तीसगढ़ दाल एवं खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार किसानों के हित में केन्द्र सरकार के साथ समन्वय कर लगातार काम कर रही है।

# पर्यटन विभाग के सहयोग से पहली बार 'कैरावान फेस्ट'




श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन को नए आयाम देने की दिशा में एक अनूठी पहल के रूप में कैरावान फेस्ट का आयोजन 22 दिसंबर 2025 को अरन्यम्म रिसॉर्ट, माना बस्ती, माना तूता रोड, रायपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रायोजन में तथा ओवरलैंडर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से संपन्न होगा। थीम है-'अ शार्ट जर्नी इन टू द हार्ट ऑफ छत्तीसगढ़'।

शाम 4 बजे से 8 बजे तक चलने वाले इस विशेष फेस्टिवल में एडवेंचर, नेचर और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कैरावान फेस्ट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को कैरावान टूरिज्म, कैंपिंग के एक नए और आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं हैं, नाइट कैंपिंग, स्टारगेजिंग, बॉलीवुड म्यूजिक और स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन हैं। कार्यक्रम निःशुल्क है और इसमें भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है।

कैरावान एक विशेष प्रकार का वाहन होता है जो कैंपिंग और लंबी यात्राओं के लिए तैयार किया जाता है, जिसमें रहने, खाने-पीने और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था होती है।

यह स्व-निर्भर यात्रा का प्रतीक है, जहां यात्री बिना होटल पर निर्भर हुए सड़क मार्ग से दूरस्थ स्थानों का भ्रमण कर सकते हैं।

### पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए आवश्यक है ऊर्जा का संरक्षण

**कोरबा।** ऊर्जा संरक्षण न केवल आर्थिक बचत का माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक बिजली खपत, पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता को देखते हुए ऊर्जा की बचत आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

यह विचार ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान वक्ताओं ने व्यक्त किए। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में मुख्य अभियंता एचके. सिंह के मार्गदर्शन में 12 से 17 दिसंबर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। पूरे सप्ताहभर ऊर्जा बचत एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, एके. शाह, पी. के. जोशी केएनबी. राव, परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# धान उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था से किसानों को राहत

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** शासन के निर्देशानुसार राज्य के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से किसानों को सुविधा मिल रही है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के साथ ही सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था के चलते किसानों को धान बेचने में आसानी हो रही है।

टोकन प्रणाली, समयबद्ध खरीदी प्रक्रिया के चलते किसानों को न तो अब इंतजार करना पड़ रहा है न ही धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है।



सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत किशुनपुर निवासी कृषक रामाधीन सिंह ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना की।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष उनकी फसल अच्छी हुई है। उनके पिता शिवचरण सिंह के नाम से कुल 86.40 क्विंटल धान बेचा है। टोकन अनुसार जब वे नमनाकला धान उपार्जन केन्द्र पहुंचे, तो वहां प्रवेश के साथ ही गेट पास जारी किया गया।

नमी परीक्षण उपरांत तत्काल बारदाना उपलब्ध कराया गया। पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण हुई। किसान रामाधीन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल धान का 3100 रुपये मूल्य मिलने से किसानों को आर्थिक लाभ हो रहा है। धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों एवं सब्जी उत्पादन में कर रहे हैं। सरकार की किसान-हितैषी नीतियों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है।

### हवा की दिशा बदलते ही ठंड की ठिठुरन हुई कम

**रायपुर।** प्रदेश में हवा की दिशा परिवर्तन होने के कारण आगामी दो दिनों से ठंड की ठिठुरन कम हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार इसके पश्चात ठंड बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के प्रमुख डॉ. चन्द्रा के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं की दिशा बदल गई है। जिसके कारण दिन का तापमान बढ़ते जा रहा है। इस समय राजधानी में भारी ठंड पड़ने के कारण लोग शाम होते अपने घरों में चले जाते हैं। वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंड का भारी प्रकोप है, अम्बिकापुर, पेण्ड्रारोड, बिलासपुर एवं जशपुर में न्यूनतम 5 डिग्री तक चला गया है।

# 199 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास योजना का अनुज्ञा पत्र

श्रीकंचनपथ समाचार

**कोरबा।** महापौर संजूदेवी राजपूत ने निगम कार्यालय साकेत में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बी.एल.सी. घटक के 199 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया।

इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी. सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, फिरतराम साहू, पार्षद पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, धनश्री अजय साहू, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता व नोडल अधिकारी सुरेश बरूआ उपस्थित थे। महापौर श्रीमती राजपूत एवं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा समयसीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह हितग्राहियों को दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बीएलसी घटक अंतर्गत नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 2232 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर संजूदेवी राजपूत ने 199 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया।

# कांकेर बना शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान का मॉडल

श्रीकंचनपथ समाचार

**कांकेर।** आकांक्षी जिला उत्तर बस्तर कांकेर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम - शाला त्यागी मुक्त ग्राम अभियान ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और प्रेरणादायी मिसाल कायम की है। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व, स्पष्ट दिशा-निर्देशों एवं सतत निगरानी में यह अभियान 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।



नक्सल प्रभावित, आदिवासी बाहुल्य एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों तथा समुदाय की सहभागिता से यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सका।

21 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य जिले के सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वेक्षण कर शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इस सर्वे में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के साथ-साथ कक्षा 1 से 12 तक के ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जो किसी कारणवश विद्यालय से बाहर थे। सर्वे कार्य प्रधानाध्यापकों, संकुल प्राचार्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय से संपन्न हुआ। बच्चों की जानकारी विद्यालयों की उपस्थिति पंजी से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित की गई। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का पृथक चिन्हांकन भी किया गया।

## महतारी वंदन योजना के आने लगे सुखद परिणाम

# आर्थिक सशक्तिकरण से बदली महिलाओं की तस्वीर

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है।

प्रतिमाह प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि परिवार और समाज में उनकी सशक्त पहचान भी बन रही है।



जांजगीर-चांपा जिले के तहसील मुख्यालय चांपा के वार्ड क्रमांक 02 की निवासी श्रीमती उर्मिला यादव ने हर महीना महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि को बचाकर आर्टिफिशियल गहनों का व्यवसाय प्रारंभ किया।

वर्तमान में वे घर से तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में गहनों का विक्रय कर प्रतिमाह लगभग 2000 रुपये की अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने लगी है।

चांपा की ही ज्योति कसेर ने योजना की सहायता राशि से पापड़ व्यवसाय शुरू किया, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 5000 रुपये का लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे वे अपने परिवार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर पा रही हैं। तनाव कम होने के कारण उनका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

ग्राम सरहर की सुमित्रा कर्ष ने भी योजना से प्राप्त राशि से श्रृंगार सामग्री की दुकान प्रारंभ की, जिससे उन्हें वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 1000 रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। वहीं श्रीमती कुसुम देवी पाण्डेय ने बचत राशि से श्रृंगार दुकान का विस्तार किया है, जिससे उन्हें हर महीने 2000 रुपये का मुनाफा होने लगा है।

### कोरबा में मसीही समाज ने निकाला भव्य प्रेम जुलूस, दिखी लाल टोपियों की कतार

**कोरबा।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 'क्रिसमस' का उत्साह ऊर्जाधानी कोरबा में अपने चरम पर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मसीही समाज के तत्वाधान में एक विशाल प्रेम जुलूस का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर जब हजारों की संख्या में समाज के लोग उतरे, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर हो गया।

जुलूस की शुरुआत शुक्रवार शाम करीब 4 बजे कोरबा शहर स्थित मुख्य चर्च से हुई। पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में शांति व प्रेम के संदेश लिए मसीही समाज के लोग 'हैप्पी बर्थ डे टू यू जीसस' के नारों के साथ आगे बढ़े। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ घंटाघर चैक पहुँचा, जहाँ समापन पर प्रभु यीशु के शांति और मानवता के संदेशों का वाचन किया गया। जुलूस का आकर्षण इसकी भव्यता थी। आधुनिक डीजे सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग और मसीही गीतों की मधुर धुनों ने समां बाँध दिया। जुलूस में शामिल युवा और बच्चे, सिर पर सांता क्लॉज वाली लाल टोपी पहने हुए गीतों पर थिरकते नजर आए। महिलाएँ और बुजुर्ग पूरे उत्साह के साथ प्रभु की वंदना करते हुए चल रहे थे। एकजुटता खास बात यह रही कि इस आयोजन में केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले से मसीही समाज के लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुँचे थे।








# बेटी को सेक्स टॉय देने की बात पर गौतमी कपूर ट्रोल : बोलीं- मैं कई रात सो नहीं पाई

**एक्ट्रेस गौतमी कपूर ने कुछ समय पहले एक पॉडकास्ट में पेरेंटिंग के बार में बात की थी। उन्होंने कहा था कि वो अपनी बेटी सिया को उसके 16वें जन्मदिन पर सेक्स टॉय गिफ्ट करना चाहती थीं। उनकी ये बातें इंटरनेट पर लोगों को अच्छी नहीं लगी और उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। लोगों ने उनके पेरेंटिंग के तरीकों पर सवाल खड़े किए। अब गौतमी ने इस पूरे विवाद पर अपना नजरिया शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि ट्रोलिंग की वजह से उनकी रातों की नींद हराम हो गई थी।**

एक इंटरव्यू में गौतमी ने कहा– 'यह सब बिल्कुल अप्रत्याशित था। मैंने पॉडकास्ट किया था, साढ़े चार महीने पहले। लेकिन कुछ महीनों बाद, मैं एक बड़े विवाद में फंस गई, जिसके कारण मुझे खुद भी नहीं पता। मैंने कोई आम टिप्पणी नहीं की है और न ही मैंने यह कहा है कि हर मां को ऐसा करना चाहिए। यह एक बात थी जो मैं उस दिन कह रही थी। मैंने अपनी बच्ची, अपनी बेटी के बारे में कुछ कहा था, और यह मेरा उसके साथ एक रिश्ता है, तो मुझे इसे सही ठहराने की क्या जरूरत है? राम और मेरा अपने बच्चों के साथ बहुत खुला रिश्ता है, कुछ लोग इससे सहमत हो सकते हैं, कुछ इसे गलत मान सकते हैं। यह उनकी राय है और मैं उन्हें जज करने वाली इंसान नहीं हूं।'

उन्होंने खुलासा किया कि ट्रोलिंग की वजह से उन्हें रातों की नींद भी उड़ गई थी। गौतमी ने कहा– 'दरअसल, मैं एक तरह से डिप्रेशन में चली गई थी क्योंकि जब मैं अपना इंस्टाग्राम फीड देख रही थी, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि मुझे किस तरह की टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा था। मुझे रातों को नींद नहीं आती थी। मैं सोच भी नहीं सकती थी कि लोग किसी दूसरी महिला को, किसी दूसरे इंसान को इस तरह की बातें लिख सकते हैं। मैं लगभग एक महीने के लिए इंस्टाग्राम से गायब हो गई थी।'

### गौतमी का बयान, जिस पर विवाद हुआ

लगभग चार महीने पहले गौतमी हाउटरफ्लाई के पॉडकास्ट में पहुंची थीं। यहां पर उन्होंने बताया कि कैसे वो अपनी बेटी से इंटीमेसी पर खुलकर बात करती हैं। गौतमी ने कहा था– 'जब मेरी बेटी 16 साल की होने वाली थी तो मैंने उसे सेक्स टॉय या वाइब्रेटर गिफ्ट करने का सोचा था। जब मैंने उससे ये बातें डिस्कस की तो उसने कहा मॉम आप का दिमाग सही है? मैंने उससे कहा कि सोचो कितनी ऐसी माएं होंगी जो अपनी बेटी से ऐसे गिफ्ट के बारे में बात करती होंगी। एक्सपेरिमेंट क्यों ना करें? मेरी मां ने जो मेरे साथ नहीं किया वो मैं अपनी बेटी के साथ करना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि वो सबकुछ एक्सपीरियंस करे।बहुत सी महिलाएं प्लेजर का अनुभव किए बिना ही जीवन गुजार देती हैं। ऐसी स्थिति में क्यों रहना? आज मेरी बेटी 19 साल की है और वह इस बात की सराहना करती है कि मैंने ऐसा सोचा और इसके लिए मेरा सम्मान करती है।'

गौतमी के पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वो एक्टर राम कपूर की वाइफ हैं।



# पहली फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' फ्लॉप होने पर ऐसा था शनाया कपूर का रिएक्शन, बोलीं- 'मुझे गर्व है

अनिल कपूर की भतीजी और जान्हवी कपूर की चचेरी बहन शनाया कपूर की पहली फिल्म फ्लॉप रही थी। अब उन्होंने 'आंखों की गुस्ताखियां' के न चल पाने पर प्रतिक्रिया दी है। फिल्मी घराने से आने वाली अभिनेत्री शनाया कपूर ने लंबे इंतजार के बाद इस साल फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अपने करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में उनके साथ नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। अब शनाया ने फिल्म को मिले रिव्यू पर प्रतिक्रिया दी। साथ ही फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर फेल होने पर भी अपना रिएक्शन दिया।

शनाया कपूर ने अपनी पहली फिल्म को लेकर कहा कि बेशक फिल्म के प्रदर्शन से थोड़ा दुख तो होता ही है। आप चाहते हैं कि लोग सिनेमाघरों में जाकर आपकी फिल्म देखें। लेकिन मुझे जो प्यार मिला, वह बहुत ज्यादा था। यह सब कुछ था जिसका मैं इंतजार कर रही थी और जब मेरी फिल्म रिलीज हुई, तो मेरे लिए वही सब कुछ था। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म के न चल पाने पर लोग उन्हें सांत्वना दे रहे थे। मुझे 'कोई बात नहीं', 'सब ठीक हो जाएगा' जैसे संदेश मिल रहे थे। लेकिन उस वक्त मेरे अंदर का बच्चा इस बात से खुश था कि मेरी पहली फिल्म रिलीज हो गई है। इस फिल्म का जो भी हश्र हुआ हो, मैंने अपना पूरा प्रयास किया और मैंने कर दिखाया, यह बहुत बड़ी बात है और सच कहूं तो मुझे इस पर बहुत गर्व है। आगे अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर शनाया ने कहा कि इस फिल्म से अपने करियर की शुरुआत करने में मुझे कोई हिचक नहीं है। मेरे इंस्टाग्राम बायो में आज भी लिखा है, 'आंखों की गुस्ताखियां जी5 पर रिलीज हो गई है।' मुझे उस फिल्म पर बहुत गर्व है। बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर रही थी 'आंखों की गुस्ताखियां'

संतोष सिंह द्वारा निर्देशित 'आंखों की गुस्ताखियां' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई और औंधे मुंह गिरी। सैकनिल्क के मुताबिक, 'आंखों की गुस्ताखियां' का कलेक्शन भारत में 1.71 करोड़ रुपए ही रहा।



# पिंक बॉडीकॉन ड्रेस में नेहा मलिक के सिजलिंग लुक को देखकर फैंस का छूटा पसीना

**नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्री में से एक हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।**

इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। इन तस्वीरों में नेहा मलिक बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस लेटेस्ट लुक में नेहा ने कई सिजलिंग पोज दिए। नेहा का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। नेहा मलिक ने इस शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा गुलाबी रंग में सुंदर और शक्तिशाली।

भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट एंड बोल्ड क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी ड्रेसिंग सेंस से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## अक्षय कुमार की भांजी ने करण जौहर को मारा ताना!...

# डायरेक्टर ने सिमर भाटिया को बताया खूबसूरत एक्ट्रेस ने पूछा- धर्मा की फिल्म क्यों नहीं दी?

**अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म का फाइनल ट्रेलर 19 दिसंबर को रिलीज किया गया है। फिल्ममेकर करण जौहर को फिल्म का ट्रेलर इतना पसंद आया कि उन्होंने इसे अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। फिर लीड अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया की खूब तारीफ भी की। लेकिन करण की तारीफपर अक्षय की भांजी ने कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसकी अब चर्चा हो रही है।**




दरअसल, करण जौहर ने इक्कीस का फाइनल ट्रेलर शेयर कर लिखा– 'सॉलिड, शुभकामनाएं एग्गी (अगस्त्य)।' फिर उन्होंने सिमर भाटिया का बॉलीवुड में स्वागत करते हुए लिखा– 'फिल्मों में आपका स्वागत है सिमर भाटिया। आप बहुत खूबसूरत हैं।' करण की पोस्ट के लिए सिमर ने पहले तो उनका शुक्रिया अदा किया। फिर मजाकिया लहजे में जवाब देते हुए लिखा– शुक्रिया सर। फिर मुझे धर्मा की फिक्र क्यों नहीं दिया?'

करण ने तुरंत उनकी स्टोरी को रीपोस्ट करते हुए जवाब दिया– 'हाहा! ये तुम्हारे लिए सबसे बेहतरीन लॉन्च है डार्लिंग। ये बहुत अच्छा लग रहा है! इसे देखने के लिए और निश्चित रूप से तुम्हारी पहली परफॉर्मेंस देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।' सिमर ने फिर अपनी इंस्टा स्टोरी में जवाब में देते हुए लिखा– 'ये सब तो बस हंसी-मजाक के लिए था सर, आपकी पोस्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे सच में लगता है कि यह मेरे साथ हुई सबसे अच्छी चीज है।' सिमर की यह हाजिर जवाबी अब खूब सुर्खियां बटोर रही है।

बता दें कि नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता-सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है। इसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, इक्कीस में दिवंगत दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अरुण के पिता के रूप में नजर आएंगे। ये उनकी आखिरी फिल्म होगी। पहले ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।

# सर्दियों के दौरान हाथों की त्वचा को रूखा होने से बचाने के लिए बनाएं ये 5 स्क्रब

सर्दियों में मौसम में ऐसे स्क्रब की विधि बताते हैं, जो आप घर पर आसानी से बना सकते हैं और इनका इस्तेमाल सूखे हाथों को ठीक करने में मदद कर सकता है।

### चीनी और जैतून का तेल

चीनी और जैतून का तेल मिलाकर एक बेहतरीन हाथों का स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए 2 चम्मच चीनी को 1 चम्मच जैतून के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने हाथों पर हल्के हाथों से रगड़ें।

### कॉफी और नारियल के तेल

कॉफी और नारियल के तेल का मिश्रण एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर हो सकता है। इसके लिए 2 चम्मच कॉफी पाउडर को 1 चम्मच नारियल तेल के साथ मिलाएं। इस मिश्रण को अपने हाथों पर लगाकर हल्के हाथों से रगड़ें और 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

### समुद्री नमक और बादाम का तेल

समुद्री नमक में मौजूद खनिज तत्व त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं, जबकि बादाम तेल इसमें नमी बनाए रखता है। इसके लिए 2 चम्मच समुद्री नमक को 1 चम्मच बादाम तेल के साथ मिलाएं।

### नींबू का रस और शहद

नींबू का रस और शहद मिलाकर एक बेहतरीन हाथों का स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए 1 चम्मच नींबू का रस लेकर उसमें थोड़ा-सा शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने हाथों पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें।



### एवोकाडो और चीनी

एवोकाडो में मौजूद वसा त्वचा को पोषण देता है, जबकि चीनी एक्सफोलिएटर का काम करती है। इसके लिए आधा एवोकाडो लेकर उसे मैश कर लें, फिर उसमें थोड़ी चीनी मिलाएं। इस मिश्रण को अपने हाथों पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें।

## खास खबर

### सरस्वती शिशु मंदिर कुसमुंडा में रामानुजन जयंती पर गणित मेले का हुआ भव्य आयोजन

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुसमुंडा में 20 दिसंबर, शनिवार को महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर गणित मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य चिंतामणि कौशिक, गणिताचार्य रामशरण कश्यप, अनूप सावलकर तथा विज्ञान प्रमुख मती अंजना पाराशर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। गणित मेले में भैया-बहनों ने गणित विषय को रोचक एवं सरल बनाने के उद्देश्य से गणितीय चार्ट, मॉडल, मापन गतिविधियां एवं विविध प्रदर्शनी प्रस्तुत की। इसके साथ ही प्रश्न मंच के माध्यम से प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य चिंतामणि कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महान गणितज्ञ निवास रामानुजन ने अल्प आयु में ही गणित के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां प्राप्त कीं। उन्होंने पाई के अंकों की गणना के लिए अनेक नवीन सूत्र दिए, जो परंपरागत तरीकों से भिन्न थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान जीवन में गणित का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।

### ग्राम कोलियरी में खुलेगा कौशल प्रशिक्षण केंद्र मधुरिमा गुरुकुल

**धमतरी।** जिले के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक और सराहनीय पहल की जा रही है। जिला प्रशासन धमतरी एवं अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में धमतरी जिले के ग्राम कोलियरी में एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस संबंध में आज कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अंबुजा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्राम कोलियरी में प्रस्तावित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में इलेक्ट्रीशियन, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर कोर्स, रिटेल सेल्स मैनेजमेंट तथा जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसे रोजगारपरक एवं प्रचलित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगा तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की मुहिम भी चलाई जाएगी। इस प्रशिक्षण केंद्र का नाम मधुरिमा गुरुकुल होगा, जिसे एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। फाउंडेशन द्वारा जानकारी दी गई कि 26 दिसंबर से मोबिलाइजेशन कार्य प्रारंभ किया जाएगा, 5 जनवरी को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, तथा 15 जनवरी 2026 से प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ करने की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले के युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम कोलियरी में खुलने वाला यह कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। प्रशिक्षण के साथ-साथ प्लेसमेंट एवं स्वरोजगार पर विशेष फोकस रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें। प्रशिक्षण प्रारंभ करने की तैयारियों के तहत आज अंबुजा फाउंडेशन के संजय कोठारी, संकेत राठी, सुनीता केला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में मिशन अमृत के कार्यों को सराहा, अगली किस्त की राशि जल्द मिलेगी

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में हुए शामिल, केंद्र सरकार की शहरी विकास की योजनाओं की प्रगति की दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव भोपाल में आयोजित देश के उत्तर-मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के शहरी विकास मंत्री भी इसमें शामिल हुए।**




बैठक में पांचों राज्यों में मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंगीकार अभियान तथा अर्बन मोबिलिटी परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उत्तर-मध्य राज्यों के तृतीय क्षेत्रीय बैठक में पावर-प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य में इन पांचों योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति और भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। मिशन के शेष कार्यों को मार्च-2026 तक प्रारंभ करने के लिए बैठक में सार्थक चर्चा हुई। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारियों ने राज्य को मिशन अमृत 2.0 की अगली किस्त की राशि जल्द जारी करने की बात कही।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आकांक्षी शौचालयों, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट्स, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट प्रोजेक्ट्स और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नए आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तथा अब तक स्वीकृत आवासों के निर्माण की समीक्षा हुई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक के बाद कहा कि भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आगे भी हम इसी प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एसएनए पद्धति से हितग्राहियों एवं निकायों को राशि जारी करने में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने छत्तीसगढ़ की प्रशंसा की तथा सभी केन्द्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा, ईशा कालिया, कुलदीप नारायण और विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी जयदीप भी बैठक में शामिल हुए।

## एचटीपीएस ने सिपेट की मदद से 40 विद्यार्थियों को दिलाया कौशल विकास का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ ज्यादा से ज्यादा उठाएं। इससे उन्हें कॅरियर बनाने में काफी मदद मिलेगी। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए हरसंभव मदद देने के लिए हम तत्पर रहेंगे। यह विचार हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एचके. सिंह ने सिपेट में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के समापन समारोह में व्यक्त किए। एचटीपीएसकी ओर से नई परियोजना 2ग660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दूसरे चरण का कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया।


छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व ;ब्म्त्. ब्वतचवतंजम म्दअपतवउमदजंस त्मेचवदेपइपसपजल द्ध के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है।

सिपेट में 15 से 19 दिसंबर 2025 तककौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके. गुप्ता एवं परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य अभियंता एचके. सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके. गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग के संयोजन से कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय,संजय बदुक,महेश तुडु शामिल रहे।

प्रतिभागी 40 विद्यार्थियों को सिपेट के प्रशिक्षकों नेप्लास्टिक उत्पाद निर्माण तकनीक (इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो-मोल्डिंग इत्यादि) के अंतर्गत उत्पादक मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रशिक्षित किया। इसके साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की तर्ज पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए कन्वेंशनल मशीनिंग व कप्यूटर न्यूमेरिककण्ट्रोल मशीनिंग के साथ कप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया।

## एसआईआर, 27 लाख 34 हजार 800 मतदाताओं ने आवेदन नहीं जमा किया, दिया जाएगा नोटिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एसआईआर के बाद क्या कट जाएंगे 27 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम? ये सवाल सभी के जहन में है. इसके बाद सियासत भी शरू हो गई है। मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में पहले चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। छत्तीसगढ़ में 27 लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता है, जिनके आवेदन नहीं जमा किए गए हैं। चर्चा चल रही है कि उनका नाम अब मतदाता सूची से काट दिया जाएगा, इसको लेकर सियासत भी खूब हो रही है।

छत्तीसगढ़ में एसआईआर के तहत पहले चरण में आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 18 दिसंबर तक मतदाताओं के आवेदन लिए गए. राज्य के कुल करीब 2 करोड़ 12 लाख मतदाताओं में से 27 लाख 34 हजार 800 मतदाताओं ने आवेदन नहीं जमा किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार,ने बताया कि एसआईआर के तहत पहले चरण में फॉर्म एन्यूमरेशन का काम 18 दिसंबर तक पूरा कर लिया गया है। 27 लाख 34817 मतदाताओं के आवेदन नहीं जमा हुए हैं। यह वह मतदाता है जो या तो अपने पते पर नहीं मिले, डेथ हो गई है या फिर कहीं शिफ्ट कर गए हैं। उन्हें नोटिस नहीं जाएगा। पहले से राजनीतिक विवाद का कारण रहे एसआईआर पर छत्तीसगढ़ में एक बार फिर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस सत्ताधारी दल और निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगा रही है। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली की तरह काम कर रहा है। हमने पहले ही आशंका जताई थी कि बिहार की तरह छत्तीसगढ़ में भी मतदाताओं के नाम काटने का काम बीजेपी के इशारे पर किया जाएगा। जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक 27 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं।

**भ्रम फैलाकर राजनीति -साव**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस का चरित्र ही सिर्फ भ्रम फैलाकर राजनीति करना है। एसआईआर लोगों के नाम पहले चरण में नहीं जुड़ पाए हैं उनके लिए आगे मौका है। जो लोग कहीं दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं या फिर किसी की मौत हो गई है क्या उसके नाम मतदाता सूची में रहने चाहिए। कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाकर अपना राजनीतिक रोटी सेकना चाहती है।

**नाम जोड़ने फार्म 6 के साथ देना होगा घोषणा पत्र**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा, जिनको लगता है कि उनके फॉर्म नाम होने के बावजूद जमा नहीं लिए गए हैं उनके लिए अभी मौका है। वे लोग जो शिफ्टेड लोग हैं जो एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में शिफ्ट हो गए हैं या एक गांव से दूसरे गांव में शिफ्ट हो गए हैं। अपना नाम जुड़वा सकते हैं उसके लिए प्रक्रिया है। उन्हें नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 जमा करना पड़ेगा। लेकिन इस बार प्रक्रिया में थोड़ा सा बदलाव है, फॉर्म 6 के साथ ही, जरूरी दस्तावेज और एक घोषणा पत्र भी देना होगा। उस प्रक्रिया को पूरी कर उनका नाम जोड़ा जाएगा।

## निगम के सभी 07 जोन में आयोजित किए गए गुड गवर्नेस वीक शिविर

### शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण, आवेदन किए गए पंजीबद्ध, क्रमबद्ध त्वरित निराकरण होगा सुनिश्चित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 07 जोन कार्यालयों में गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया गया, अपनी शिकायतें, समस्याएं व आवेदन लेकर शिविर में पहुंचे, नागरिकों के आवेदनों को पंजीबद्ध करते हुए त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके पर पहुंचकर निराकरण कराया गया, वहीं ऐसी समस्याएं व मांग जिन्हें निराकृत करने में समय लगेगा, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए इनका क्रमबद्ध समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोन, टी.पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, रविशंकर नगर जोन, बालको जोन, दर्री जोन व सर्वमंगला जोन में प्रात: 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक गुड गवर्नेस वीक शिविर आयोजित किए गए, इन शिविरों में जन्म-मृत्यु पंजीयन, व्यापार अनुज्ञप्ति, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलकर एवं सम्पत्तिकर, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण आदि कार्यो के साथ-साथ नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों से पानी का बहाव, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों का मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट के बल्ब, ट्यूब आदि का बंद रहना आदि से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व आवेदनों को लेकर पहुंचे आमनागरिकों के आवेदनों को पंजीकृत किया गया तथा उनकी ऐसी समस्याओं व शिकायतें जिनका त्वरित निराकरण संभव था, उनका मौके पर पहुंचकर निगम अमले ने निराकरण कराया तथा ऐसी मांग व समस्याएं जिनमें प्रक्रियागत समय लगना है, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए उनके त्वरित निराकरण की क्रमबद्ध कार्यवाही भी निगम द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

आज आयोजित किए गए शिविरों में निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा व बी.पी.त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया तथा शिविरों हेतु नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी 07 जोन में लगेंगे शिविर- निगम के उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि रविवार को भी निगम के सभी 07 जोन में गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा निगम से संबंधित समस्त कार्यो से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि के आवेदन आमनागरिकों से प्राप्त किए जाएंगे।

# धान विक्रय में किसानों को न हो असुविधा-कलेक्टर दुदावत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित धान खरीदी व्यवस्था की गहन समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त उपार्जन केंद्रों की प्रगति, व्यवस्थाओं, चुनौतियों एवं समाधान बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लघु एवं छोटे किसानों से प्राथमिकता के आधार पर पहले धान खरीदी की जाए, जबकि मध्यम एवं बड़े किसानों से चरणबद्ध तरीके से खरीदी की जाए, जिससे किसी भी उपार्जन केंद्र पर अनावश्यक भीड़ या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।



कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य पूर्णत: सुचारू, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी ढंग से संचालित होना चाहिए। यह शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, अत: इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, व्यवस्थित रख-रखाव एवं मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय, छायादार बैठने की व्यवस्था आदि की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान विक्रय के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें एक सहज एवं सकारात्मक अनुभव प्राप्त हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कलेक्टर दुदावत ने उपार्जन केंद्रों में किसानों को जागरूक करने हेतु बैनर, पोस्टर एवं सूचना पटल व्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप से लगाने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को धान खरीदी, टोकन, नमी मापदंड एवं भुगतान संबंधी सभी आवश्यक जानकारियाँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि टोकन व्यवस्था में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किसानों को समान रूप से सुविधा मिलनी चाहिए और किसी भी किसान को टोकन प्राप्त करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों के आसपास निवासरत स्व-सहायता समूहों को स्टॉल लगाने हेतु स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों को धान विक्रय के दौरान भोजन, चाय-पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उसी परिसर में उपलब्ध हो सकें और उन्हें दूर भटकना न पड़े।

कलेक्टर दुदावत ने समितियों में हमालों की पर्याप्त एवं पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि धान उठवाने या भंडारण का कार्य किसानों से किसी भी स्थिति में न कराया जाए। शासन द्वारा हमालों की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है, इस संबंध में शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। धान की नमी को लेकर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नमी परीक्षण पूरी पारदर्शिता, निर्धारित मानकों एवं यंत्रों के माध्यम से किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की शिकायत या असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो।

इसके साथ ही समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें और समिति स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध हो सके। अतिसंवेदनशील उपार्जन केंद्रों पर नियमित रूप से गठित टीमों द्वारा सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, स्टेकिंग की समुचित एवं सुरक्षित व्यवस्था रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बिचैलियों एवं अवैध गतिविधियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी तथा इनके विरुद्ध निरंतर एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 15 दिनों की धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए सभी समितियों में पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने भौतिक सत्यापन को अत्यंत गंभीरता से, पूरी लगन एवं पारदर्शिता के साथ करने, यूएफ्यार को समय पर अपडेट करने तथा किसी भी प्रकार के स्टॉक मिसमैच से बचने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एग्रीटेक पोर्टल में खसरा अपडेट करने हेतु सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से समितियों को आगामी 10 दिनों में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि धान खरीदी की प्रक्रिया निर्बाध, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ज्वाइंट कलेक्टर ओंकार यादव, डीएमओ ऋतुराज देवांगन, खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर सहित कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी, समिति प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

## खास खबर

### कोरबा में हाथी पर कड़ी नजरः थर्मल ड्रोन से पल-पल की ट्रैकिंग, एक परिवार की बची जान

**कोरबा।** कोरबा जिले में वन विभाग हाथी की गतिविधियों पर पूरी सतर्कता के साथ नजर बनाए हुए है। हाथी की ट्रैकिंग के लिए वन विभाग की पांच गाड़ियों में कुल 25 सदस्य तैनात किए गए हैं, जो चैबीसों घंटे हाथी के मूवमेंट की पल-पल की जानकारी जुटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार हाथी इस समय केसलपुर और बेला के बीच विचरण कर रहा है। वन विभाग के अधिकारी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए थर्मल ड्रोन कैमरे के माध्यम से हाथी की लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। इसी सतर्कता के चलते बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया। ड्रोन निगरानी के दौरान अधिकारियों ने देखा कि हाथी की संभावित आवाजाही के क्षेत्र में एक परिवार लापरवाहीपूर्वक अपने आंगन में सो रहा है। तत्काल मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी। हाथी के मूवमेंट को देखते हुए एहतियातन वन विभाग ने बालको रेंज अंतर्गत कॉफी प्वाइंट जाने वाले मार्ग तथा अजगर बहार के पास लगे बैरियर को अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। साथ ही ग्रामीणों और राहगीरों से अपील की गई है कि वे रात के समय जंगल से लगे इलाकों में सतर्क रहें और वन विभाग के निर्देशों का पालन करें।वन विभाग का कहना है कि हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और हालात सामान्य होने तक सुरक्षा व्यवस्था इसी तरह सख्त बनी रहेगी।

### पुलिस द्वारा करोड़ों रुपयों की ठगी करने वाले प्रकरण में की जा रही है, आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी

**बलौदा बाजार।** छत्तीसगढ़ में लगातार शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदा बाजार के कसडोल पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 02 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अब तक 04 तथा थाना गिधौरी में 01 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों की संपत्ति जप्ती/कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है। अनुसंधान टीम द्वारा प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए तथा परिस्थितिजन्य एवं जांच में मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर आरोपी चंद्रप्रकाश साहू को हिरासत में लिया गया। आरोपी चंद्रप्रकाश साहू से विस्तृत पूछताछ किया गया।

# भिलाई के मंदिरों में चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, पांच मंदिरों को बनाया था निशाना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शहर के अलग अलग मंदिरों में चोरी कर पुलिस की नाक में दम करने वाला चोर गिरोह आखिरकर पकड़ाया। छावनी, सुपेला व भिलाई नगर थाना क्षेत्र के मंदिरों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी व एक खरीदार को गिरफ्तार किए गए है। आरोपी मध्यप्रदेश मुंगेली से हैं। पुलिस ने शनिवार को अलग अलग पांच मामलों का खुलासा किया। चोरी के आरोपी इससे पहले भी चोरी व रेप के मामले में बिलासपुर जेल की हवा खा चुके हैं।

दरअसल शहर में लगातार मंदिरों में चोरियों की घटनाएं सामने आ रही थी। चोर रात में मंदिर की दान पेटियों को तोड़कर नगदी व मंदिर के अन्य सामान चुरा रहे थे। हाल के दिनों में 7 अक्टूबर 2025 की रात फल मंडी पावर हाउस हनुमान मंदिर चोरी हुई। 5 नवंबर 2025 को सेक्टर 5 कंची कामाक्षी मंदिर, 14 दिसंबर 2025 को काली मंदिर सुपेला, 12 नवंबर 2025 को फरीद नगर दुर्गा मंदिर तथा 15-16 दिसंबर 2025 की रात सेक्टर 6 स्थित बालाजी मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था।

भिलाई शहर में लगातार मंदिर में हो रही चोरी पुलिस के लिये चनौतीपूर्ण थी। लगातार हो रही चोरियों को ध्यान में रखकर स्थानीय स्तर पर चोरी की पृष्ठ भूमि के अपराधियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इस बीच सपना टाकिज पावर हाउस के पीछे दो लड़को के संबंध में जानकारी मिली कि यह रात में मुंगेली आरटीओ से रजिस्ट्रर्ड बाइक में घूमते है और दिन भर घर के अन्दर रहते है। संदेह के आधार पर दोनों को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रामचंद राठौर निवासी गोरसी अनूपपुर मध्यप्रदेश तथा मुकेश जायसवात ग्राम जोगीपुर थाना तखतपुर जिला मुंगेली बताया।

इनकी बाइक होण्डा साइन सीजी 28 एल 4683 की तलाशी लेने पर मोटर सायकल की डिक्की में एक सब्बल मिला। आरोपियों से सघन पूछताछ करने पर रामचंद राठौर ने बताया कि वह पूर्व में करगी रोड कोटा की जेवलरी दुकान और बिलासपुर के मकानों में चोरी की घटना कर चुका है। पुलिस द्वारा पकड़ा भी गया था। जेल से जमानत पर छूटा है। मुकेश जायसवाल ने पूछताछ पर बताया कि यह थाना तखतपुर से दुष्कर्म के मामले में बिलासपुर जेल गया था। जेल में ही इसकी पहचान रामचंद राठौर से हुई थी। जेल से छूटने पर ये दोनों आकाश गंगा भिलाई फल मण्डी में हमाली करने लगे थे और सपना टाकिज पावर हाउस के पीछे पानी टंकी के पास किराये के मकान में रहते थे।

यहीं से दोनों ने मंदिरों में चोरी करने की योजना बनाई और मंदिरों की रेकी कर मंदिर में चोरी करने लगे। चोरी में प्राप्त चांदी का छत्र मुकुट मुखौटा, चांदी का चम्मच जिसे राम चंद राठौर ने अनूपपुर के ज्वेलर्स विकास सोनी का बेच दिया था। आरोपियों से पूछताछ पर फल मंडी पावर हाउस हनुमान मंदिर, सेक्टर कंची कमाक्षी मंदिर, काली मंदिर सुपेला, फरीद नगर दुर्गा मंदिर सहित 5 मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त बाईक होण्डा साईन सीजी 28 एल 4683, एक सब्बल, एक मोबाइल, एक टेबलेट एवं सिक्का 4493 रुपए, 2200 रुपए नोट कुल रकम 6693 जब्त किया। पुलिस ने अनूपपुर निवासी ज्वेलर विकास सोनी से मंदिर से चोरी किये गये चांदी के जेवर जुमला कीमती लगभग 2 लाख का समान जब्त किया है। मामले में आरोपी रामचंद राठौर, मुकेश जायसवाल एवं विकास सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

# तीन माह के भांजे की हत्या, जशपुर में मामा ने टांगी के हत्थे से किया था वार, पुलिस ने भेजा जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में तीन माह के मासूम की उसी के मामा ने हत्या कर दी। दरअसल पत्नी से विवाद को लेकर उसने अपनी चचेरी बहन पर टांगी से वार किया। चचेरी बहन बचाव के लिए झुकी तो उसका हत्था नन्हें भांजे को लगा। इससे लगी चोट के कारण बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मामा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला थाना सन्ना क्षेत्र के ग्राम पिपरापाठ नन्हे सर का है।

इस मामले में संगीता पति बासु राम निवासी ग्राम पिपरापाठ जोकरी नन्हेसर ने थाना सन्ना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर की शाम करीबन 5 बजे अपने चचेरे भाई रतन राम की पत्नी से कुआं के पास पानी भरते वक्त वाद विवाद हो गया था। इसके बाद वह अपने घर आ गई थी और चचेरे भाई की पत्नी भी अपने घर चली गई थी। संगीता अपने घर सामने अपने तीन माह के बच्चे को पीठ में कपड़े से बांधकर खड़ी थी। इस दौरान उसका चचेरा भाई रतन राम आया और पत्नी से विवाद को लेकर बहस करने लगा। इस दौरान अपनी चचेरी बहन को जान से मार दूंगा कहते हुए अपने हाथ में रखे टांगी की हत्थे से वार कर दिया।वार से बचने के लिए प्रार्थिया नीचे झुक गई, जिससे टांगी का हत्था, प्रार्थिया के पीठ में बंधे, उसके बच्चे को लग गया। चोट इतनी जोरदार थी कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर तत्काल थाना सन्ना में आरोपी रतन उर्फ रतनू राम उम्र 21 वर्ष के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर, शव का पंचनामा करते हुए, शव का डॉक्टर से पोस्ट मार्टम भी कराया गया। शॉर्ट पी एम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण टांगी के हत्थे से चोट के कारण होना बताया गया। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी रतन राम उर्फ रतनू उम्र 21 वर्ष को हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी रतन राम उर्फ रतनू के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। व उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी जप्त कर लिया गया है। मामले की कार्यवाही व आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सन्ना उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सहायता उप निरीक्षक विदवा राम व आरक्षक विमलेश भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि थाना सन्ना क्षेत्र में एक तीन माह के बच्चे की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## मुंगेली नगर पालिका की बैठक में साइबर फ्रॉड, यातायात नियम व नशा मुक्ति पर दिया गया जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** पहल जागरूकता अभियान के तहत मुंगेली नगर पालिका की में बैठक, साइबर फ्रॉड, यातायात नियम व नशा मुक्ति पर जोर दिया गया। जिला मुंगेली में पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल द्वारा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार चलाए जा रहे पहल जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 20 दिसंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के दिशा-निर्देश में नगर पालिका परिषद मुंगेली के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) मयंक तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान शहर में बढ़ते साइबर अपराध, यातायात नियमों के पालन तथा नशा और ड्रग्स से दूर रहने जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एक बड़ी चुनौती बन चुका है। आम नागरिकों को किसी भी अनजान कॉल, लिंक, ओटीपी या ऑनलाइन लालच से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की जानकारी दें। यातायात नियमों के संबंध में एसडीओपी तिवारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ओवरस्पीडिंग से बचना और नशे की हालत में वाहन न चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का डर नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इस विषय पर भी पार्षदों से आग्रह किया गया कि वे वार्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नियमों के प्रति संवेदनशील बनाएं।

# लूट को अंजाम देने वाले दो आरोपी पकड़ाये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के माना थानाक्षेत्र में एक हाईवा वाहन चालक के साथ लूटपाट करने वाले हिस्ट्रशीटर सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी चेतन मण्डावी जिला धमतरी के थाना सिटी कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है जो वर्तमान में धमतरी से जिला बदर है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपी साहू ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनांक 16.12.25 को हाईवा वाहन क्रमांक सी जी 07 डी बी 8082 में राजिम की ओर रेत लेने जा रहा था इसी दौरान माना बाईपास में वाहन को साईड में लगाकर प्रार्थी वाहन से नीचे उतर रहा था, तभी मोटर सायकल में सवार 02 अज्ञात व्यक्ति आये और उसे पकडकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का और किसी धातु से मारपीट कर उसके जेब में रखें नगदी रकम, मोबाईल फोन, हेड फोन, पर्स च हाईवा वाहन की चाबी को लूट कर फरार हो गये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना माना में धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

लूट की घटना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी माना एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी से घटना व आरोपियों के हुलियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास के सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये गये दोपहिया वाहन के संबंध में जानकारी एकत्र करने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर लूट के पुराने आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर प्रकरण में चेतन मण्डावी एवं हितेश कुमार साहु उर्फ हित्तु को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा लूट की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

बता दें कि आरोपी चेतन मण्डावी थाना कोतवाली जिला धमतरी का हिस्ट्रीशीटर है, जो वर्तमान में जिला धमतरी से जिला बदर है। आरोपी चेतन मण्डावी के विरूद्ध जिला धमतरी के थाना कोतवाली में बलवा, लूट, मारपीट, जुआ एक्ट, आगजनी, आर्म्स एक्ट सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं के कुल 22 अपराध पंजीबद्ध है। मामले में पुलिस ने चेतन मण्डावी पिता विष्णु मण्डावी उम्र 24 वर्ष निवासी बनियापारा दुर्गा चौक धमतरी थाना सिटी कोतवाली जिला धमतरी।

# फार्म हाउस में पार्टी कर हुल्लड़ बाजी करने वाले 22 लोगों पर की गई कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शहर से सटे विधानसभा स्थित जे डी फार्म हाउस में देर रात्रि 15 लड़के एवं 07 लड़कियों सहित कुल 22 लोगों द्वारा पार्टी कर की जा रहीं थी हुल्लड़बाजी कर रहे थे एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही की हैं। दिनांक 17-18.12.25 की दरम्यानी रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिरदा स्थित जे डी फार्म हाउस में देर रात्रि कुछ व्यक्ति हुल्लड़ बाजी कर रहे है।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ लड़के एवं लड़कियां पार्टी करते हुये हुल्लड़ बाजी कर रहे थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा समझाईश देने एवं शांत कराने का प्रयास करने पर भी पुलिस की मौजूदगी में हुल्लड़ करने लगे जिससे अशांति व्यपाप्त का माहौल हो गया था। जिस पर 15 लड़के एवं 07 लड़कियों सहित कुल 22 लोगों के विरूद्ध थाना विधानसभा में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र साहू पिता परसराम साहू उम्र 27 साल निवासी टेकारी थाना विधानसभा जिला रायपुर। गौरव जोशी पिता दिनेश्वर जोशी उम्र 28 साल निवासी करबला पारा चौबे कालोनी थाना आजाद चौक जिला रायपुर।वैभव पाठक पिता सियाराम पाठक उम्र 20 साल निवासी चंगोराभाठा गणपति विहार कालोनी थाना डीडी नगर जिला रायपुर। मनीष वर्मा पिता गणेश वर्मा उम्र 26 साल निवासी कुन्दरा पारा मांढर थाना विधानसभा जिला रायपुर।निखिल वर्मा पिता द्वारिका वर्मा उम्र 21 साल निवासी कुन्दरा पारा मांढर थाना विधानसभा जिला रायपुर जय प्रकाश महेश्वरी पिता सगुनदास महेश्वरी उम्र 19 साल निवासी भुरकोनी थाना विधानसभा जिला रायपुर।दीपक धीवर पिता संजय धीवर उम्र 28 साल निवासी छपोरा थाना विधानसभा जिला रायपुर। विकास दास मानिकपुरी पिता विरेन्द्र दास मानिकपुरी उम्र 28 साल निवासी कुन्द्रापारा सुखवारी बाजार गुढियारी थाना गुढियार जिला रायपुर। रितिक मिश्रा पिता ज्ञानेन्द्र मिश्रा उम्र 25 साल निवासी जीवन विहार तेलीबांधा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर।रुपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता कुबेर सिंह ठाकुर उम्र 27 साल निवासी प्रोफेशर कालोनी सादना भवन के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर।तनजीत प्रित सिंह पिता इंदर पाल सिंह उम्र 22 साल निवासी महावीर नगर थाना न्यू राजेन्द्र नगर जिला रायपुर।आलोक धर दीवान पिता स्व0 नागेन्द्र दीवान उम्र 25 साल निवासी प्रोफेसर कालोनी थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर। शिवम आर्या पिता स्व0 नेहरु लाल आर्या उम्र 28 साल निवासी जीवन विहार कालोनी तेलीबांधा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर। हरिओम दूबे पिता लक्ष्मीकांत दूबे उम्र 26 साल निवासी जीवन विहार कालोनी तेलीबांधा थाना तेलीबांधा जिला रायपुर।देवांश ठाकुर पिता टिकेन्द्र ठाकुर उम्र 23 साल निवासी सुंदर नगर थाना डी डी नगर जिला रायपुर, 07 महिला भी शामिल है।

# भतीजे ने फावड़े से मार-मारकर कर दी चाचा ही हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के जमगहना गांव में एक किराना दुकान संचालक की उसके ही भतीजे ने फ ावड़े से मार-मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भतीजे ने भी कुंए में कुदकर आत्महत्या कर ली। मामला पटना थाना क्षेत्र का है।

मिली जिनकारी के अनुसार, जमगहना के जूनापारा मोहल्ले में किराना दुकान चलाने वाले 56 वर्षीय उपेंद्र नारायण बरगाह शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी दुकान के सामने अहाते में बैठे हुए थे। उसी समय उनका भतीजा 37 वर्षीय कौशल बरगाह हाथ में फावड़ा लेकर वहां पहुंचा और बिना कुछ कहे अचानक उपेंद्र नारायण पर फ ावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उपेंद्र नारायण बरगाह की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उपेंद्र को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं हत्या के बाद आरोपी कौशल बरगाह सीधे अपने घर पहुंचा, जहां उसने वारदात में इस्तेमाल किया गया फ ावड़ा रख दिया। इसके बाद वह घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक पुराने कुएं के पास गया और उसमें कूद गया। जब तक स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली और उसे कुएं से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी भी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही राजेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एफएसएल विज्ञानी शारदा दुबे भी घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हत्या के पीछे कोई और कारण तो नहीं था। वहीं परिजनों ने बताया कि आरोपी कौशल बरगाह की मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी और उसका इलाज चल रहा था।









# बाबा गुरु घासीदास का संदेश मानवता के लिए पथ-प्रदर्शकः मुख्यमंत्री साय

## 'मनखे-मनखे एक समान' का विचार विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सारंगढ़ स्थित गुरु घासीदास ज्ञान स्थली, पुष्पवाटिका में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास रजत जयंती समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने ज्ञान स्थली में स्थापित जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।**



समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने कहा कि जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा हुआ था, उस समय बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में धान का रकबा और किसानों की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है, जो कृषि क्षेत्र में सरकार की नीतियों के प्रति किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएससी भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल सके। नई औद्योगिक नीति के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के बेटा-बेटियों को उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह नीति न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक न्याय को भी सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी समाज वर्गों से संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का विचार सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की अडिग आधारशिला है। उन्होंने बताया कि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पूरे विश्व में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को नई गति मिली है। गिरौदपुरी धाम के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जैतखाम, मंदिर परिसर, अमृत कुंड, छाता पहाड़ तक सड़क, सीढ़ियों एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त भंडारपुरी धाम के विकास हेतु 17 करोड़ 11 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे वहां अधोसंरचना संबंधी कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति समाज के उत्थान हेतु प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिभावान युवाओं को पायलट प्रशिक्षण के लिए 15-15 लाख रुपये की सहायता देने का निर्णय भी लिया गया है। समारोह को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, डॉ. छबिलाल रात्रे, श्रीमती केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, श्रीमती ज्योति पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# छोटी सी उम्र में साहिबजादों ने वीरता और गौरव की जो मिसाल पेश की, वह युगों तक प्रेरणा देती रहेगी : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय वीर बाल रैली में हुए शामिल, हरी झंडी दिखाकर किया रैली का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा आयोजित वीर बाल रैली में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस भव्य रैली में लगभग 5,000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। रैली में सिख परंपरा की वीरता को दर्शाती गतका जैसी साहसिक गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायी झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को गहरे भावनात्मक स्तर पर जोड़ा।**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में हम दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों — बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फ्तेह सिंह जी — के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल 9 वर्ष और 7 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने जिस अदम्य साहस, आस्था और बलिदान का परिचय दिया, वह मानव इतिहास में अनुकरणीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में भी साहिबजादे किसी दबाव के आगे नहीं झुके, अपनी आस्था से विचलित नहीं हुए और धर्म एवं सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। श्री साय ने कहा कि सिख धर्म की यह गौरवशाली परंपरा हम सभी के लिए गर्व का विषय है। नई पीढ़ी को साहिबजादों के बलिदान और मूल्यों से परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 से वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की पहल अत्यंत सराहनीय है। इससे बच्चों और युवाओं में शौर्य, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम साहिबजादों के जीवन को देखते हैं, तो हमें दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा दिए गए संस्कारों और शिक्षाओं पर गर्व होता है। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया।

उनकी प्रेरक पंक्तियाँ सवा लाख से एक लड़ाऊँ, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊँ, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहलाऊँ। आज भी हर भारतीय के भीतर साहस और संघर्ष की चेतना जागृत करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंक्तियाँ हमें सिखाती हैं कि साधन नहीं, साहस और संकल्प ही विजय का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारत की धरती धन्य है, जिसने ऐसे महान गुरुओं और साहिबजादों को जन्म दिया। उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं शिक्षा विभाग को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

कैबिनेट मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान हमें निर्भीकता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रथम की भावना का मार्ग दिखाता है। उनका जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा ने साहिबजादों की शहादत के ऐतिहासिक प्रसंगों से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया।

इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, सीजीएमएससी अध्यक्ष दीपक म्हस्के, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा सहित सिख समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती पर किया श्रद्धापूर्वक नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात साहित्यकार एवं महान समाज सुधारक पंडित सुंदरलाल शर्मा की 21 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा जी छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े ऐसे युगद्रष्टा महापुरुष थे, जिन्होंने किसानों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।**



सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने अंधविश्वास, छुआछूत, सामाजिक रूढ़ियों और कुरीतियों के विरुद्ध निरंतर संघर्ष करते हुए समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के पथ पर आगे बढ़ाया। उनके साहित्य, विचार और कर्म ने जनमानस में जागरण और आत्मसम्मान की चेतना का संचार किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा का संपूर्ण जीवन सत्य, साहस और सेवा के मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। देश की स्वतंत्रता तथा छत्तीसगढ़ के सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान में उनका योगदान सदैव स्मरणीय और प्रेरणादायी रहेगा।

उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से पंडित सुंदरलाल शर्मा जी के आदर्शों को आत्मसात करने और एक न्यायपूर्ण, समरस एवं जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# सुशासन सुरक्षा व विकास की गारंटी है प्रधानमंत्री मोदी : मंत्री लखनलाल देवांगन

## बालको जोनांतर्गत 8 वार्डों में होंगे 2 करोड़ 61 लाख रु के विकास कार्य, नवनिर्मित सामुदायिक मंच भी मिला चेकपोस्टवासियों को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38, 39, 40, 41, 42, 43,46 व 47 में 02 करोड़ 61 लाख रूपये के विकास कार्य कराए जाएंगे। आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों के द्वारा किया गया, वहीं वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट लालघाट में 08 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण भी उनके हाथों सम्पन्न हुआ। इस मौके पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।**





नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 38 अंतर्गत रिसदा में 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में लूडी हैम्ब्रो घर से स्व.पवन पटेल घर तक 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत अमरसिंह होटल के पास 08 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में माखन यादव के घर से नदी तक 14 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 39 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 46 परसाभांठा बालको नवधा पण्डाल के पास 15 लाख रूपये की लागत से किचन शेड व कक्ष का निर्माण किया जाना हैं।

इसी प्रकार वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 01 शास.प्रा.शाला परसाभांठा एवं प्राथमिक शाला रिसदा में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण, वार्ड क्र. 40 अंतर्गत पाड़ीमार बालको चिंतामणी साहू के घर से स्वास्थ्य केन्द्र तक 05 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार बालकोनगर में 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 41 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में 25 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 41 अंतर्गत पाड़ीमार क्र. 02 पार्षद घर के पीछे तालाब के चारों ओर 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड निर्माण एवं उन्नयन कार्य किए जाने हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 42 अंतर्गत बालकोनगर दैहानपारा स्थित शिव मंदिर के पास 15 लाख रूपये की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड क्र. 42 दैहानपारा राखड़ डेम के पास 27 लाख 70 हजार रूपये की लागत से एस.एल.आर.एम.सेंटर का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 43 कैलाशनगर में 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण तथा वार्ड क्र. 45 अंतर्गत स्थित शासकी माध्यमिक शाला रूमगरा में 16 लाख 83 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य किया जाना हैं, जिनका भूमिपूजन आज सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में सुशासन, सुरक्षा, विकास व अधिकतम जनकल्याण की गारंटी हैं, वे विगत 11 वर्षो से देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं, इस दौरान विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है, देश सशक्त, सुरक्षित व विकसित हुआ है, विकास की रफ्तार बढ़ी है तथा देश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन स्थापित हुआ है तथा भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की हमारी संकल्पना साकार हुई है। उन्होने कहा कि विगत 11 वर्षो से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

15 वर्षो तक डॉ.रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहें तथा 02 वर्ष से विष्णुदेव साय की सरकार है किन्तु इस पूरी अवधि में कभी कोई भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे, उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो नगर निगम कोरबा क्षेत्र के लिए विगत 02 वर्ष के दौरान लगभग 800 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो को स्वीकृति दी जा चुकी है, उन्होने कहा कि कोरबा के विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी तथा क्षेत्र के जनताजनार्दन की मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य होंगे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री देवांगन ने भदरापारा बरगद चौक के पास स्थित जर्जर सार्वजनिक मंच के जीर्णोद्धार हेतु विधायक निधि से 05 लाख रूपये प्रदान किए जाने की घोषणा भी की।

**निगम क्षेत्र में मिली विकास को अपेक्षित गतिः** इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव तथा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से नगर निगम कोरबा क्षेत्र में एक बार पुनः विकास को अपेक्षित गति प्राप्त हो रही है तथा निगम के सभी वार्डो में वहॉं की जनताजनार्दन की मांग व आवश्यकता के अनुसार व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि विकास कार्यो के जो भी प्रस्ताव मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री व उद्योग मंत्री के समक्ष रखे जाते हैं, उन पर तत्काल स्वीकृति प्राप्त होती है तथा निगम क्षेत्र के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि लगातार उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, विगत कुछ वर्षो से विकास रूका हुआ था, किन्तु अब तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि आज बालको क्षेत्र में ढाई करोड़ रूपये से भी अधिक के विकास कार्य शुरू कराए जा रहे हैं, यह सभी विकास कार्य क्षेत्र की जनताजनार्दन को समर्पित है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द देवांगन, मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद चेतन सिंह मैत्री, सत्येन्द्र दुबे, तरूण राठौर, मंगलराम बंदे, सीमाबाई कंवर, चंदादेवी, राजप्रसाद खुंटे, मुकुंद सिंह कंवर, प्रफुल्ल तिवारी, मण्डल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, आर.एस.पाण्डेय, आर.के.पाटसकर, बी.एल.अवस्थी, जे.एन.दुबे, प्रभात डडसेना, रेणु प्रसाद, आर.एस.सिंह, सी.एस.मिश्रा, आर.के.तिवारी, एस.एस.मिश्रा, सहित काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950